शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 42 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 08 मार्च 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक एआई मिशन को मंजूरी

## गैस सिलेंडर पर जारी रहेगी 300 रुपये की सब्सिडी, कैबिनेट ने लगाई मुहर

**नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक एआई मिशन लेकर आई है। इस पर 10371.92 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। इसके तहत रणनीतिक कार्यक्रम और सार्वजनिक निजी भागीदारी का इस्तेमाल कर एआई क्षेत्र से जुड़े नावाचार के पूरे तंत्र को बढ़ने के लिए मदद पहुंचाना है। इसे डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के एक स्वतंत्र बिजनेस निकाय इंडिया एआई के माध्यम से जमीन पर उतारा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज इसे मंजूरी प्रदान की। मिशन की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इसके माध्यम से उच्च क्षमता वाले एआई कंप्यूटर तंत्र को विकसित किया जाएगा। स्वदेशी एआई मॉडल को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एआई विकास के लिए गैर-व्यक्तिगत गुणवत्तापूर्ण डाटा उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। महत्वपूर्ण क्षेत्रों, सरकारी कामकाज, केन्द्र और राज्यों के मंत्रालय में एआई के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। भविष्य के लिए एआई की राह आसान बनाई जाएगी और स्नातक तथा स्नातकोत्तर व पीएचडी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। गोयल ने कहा कि एआई क्षेत्र में स्वदेशी स्टार्टअप को वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा। सुरक्षित एआई के लिए फ्रेमवर्क, गाइलाइन व अन्य जरूरी दिशानिर्देश तैयार कराये जायेंगे।




## केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय कर्मचारियों को** बड़ी सौगात दी है। दरअसल, केंद्र की ओर से इस साल एक जनवरी से महंगाई भत्ता को मौजूदा 46 प्रतिशत से बढ़ाकर मूल वेतन का 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। आइए, पूरी खबर के बारे में जान लेते हैं।

**केंद्रीय कर्मचारियों की चांदी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1 जनवरी, 2024 से केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत (डीआर) की एक अतिरिक्त किस्त जारी करने की मंजूरी दे दी है, जो मौजूदा 46 प्रतिशत की दर से 4 प्रतिशत अंक की वृद्धि दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि मूल वेतन/पेंशन, मूल्य वृद्धि की भरपाई के लिए है।




**गैस सिलेंडर पर जारी रहेगी 300 रुपये की सब्सिडी, कैबिनेट ने लगाई मुहर**

1 अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष के लिए व्रह्" ड्ढल्लं के तहत गरीब महिलाओं को एलपीजी सिलेंडर पर मिलने वाली 300 रुपये की सब्सिडी को कैबिनेट की ओर से जारी रखने की घोषणा की गई है।

**लाभार्थियों के लिए खुशखबरी**

सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर सब्सिडी 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी थी। 300 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी चालू वित्त वर्ष के लिए थी, जो 31 मार्च को समाप्त हो रही है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने अब इस सब्सिडी को 2024-25 तक बढ़ाने का फैसला किया है।

## कैबिनेट : सरकार ने 2024-25 के लिए कच्चे जूट का एमएसपी 285 रुपये बढ़ाया



**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 285 रुपये बढ़ाकर 5,335 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस संबंध में निर्णय किया। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 सीजन के लिए कच्चे जूट के लिए एमएसपी 5,335 रुपये प्रति क्विंटल को मंजूरी दे दी है। यह पिछले सीजन की तुलना में 285 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। इससे उत्पादन की अखिल भारतीय भारित औसत लागत पर 64.8 प्रतिशत का रिटर्न सुनिश्चित होगा।

**उज्जवला योजना के तहत सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी एक साल ओर जारी रहेगी**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 के लिए पीएम उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को सिलेंडर पर मिलने वाली 300 रुपये की सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी है। साल में 12 सिलेंडर तक 10.27 करोड़ पीएमयूवाई लाभार्थियों को सीधे उनके खातों में सब्सिडी मिलेगी। 2024-25 के लिए कुल खर्च 12,000 करोड़ रुपये होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने योजना को एक साल आगे जारी रखने को मंजूरी प्रदान की।

## एनआईए ने गौतम नवलखा की सुरक्षा पर एक करोड़ 64 लाख रुपये बकाया होने का दावा किया

**नई दिल्ली**

एनआईए ने भीमा कोरेगांव मामले के नजरबंद आरोपित गौतम नवलखा की सुरक्षा पर एक करोड़ 64 लाख रुपये का बकाया होने का दावा किया। एनआईए के इस दावे को गौतम नवलखा ने फिरौती करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा कि गौतम नवलखा की नजरबंदी के दौरान सुरक्षा पर एनआईए का एक करोड़ 64 लाख रुपये बकाया है। राजू ने कहा कि गौतम नवलखा ने सुरक्षा पर होने वाले खर्च के मद में केवल दस लाख रुपये ही अदा किए हैं। उन्हें कुछ रकम जमा करना चाहिए। इस पर गौतम नवलखा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील नित्या रामकृष्णन ने एनआईए की ओर से पेश किए गए दावे का विरोध करते हुए कहा कि ये रकम सही नहीं है। एनआईए हिरासत में रखने के लिए एक करोड़ का दावा नहीं कर सकती है। तब राजू ने कहा कि आम नागरिकों को नजरबंद नहीं रखा जाता है। उसके बाद जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले पर विस्तृत सुनवाई की जरूरत है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 10 नवंबर, 2022 को गौतम नवलखा को घर में नजरबंद करने का आदेश दिया था। 8 अप्रैल, 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने गौतम नवलखा और आनंद तेलतुंबडे को सरेंडर करने का आदेश दिया था। 1 जनवरी, 2018 को भीमा-कोरेगांव की दो सौवीं सालगिरह पर हुए कार्यक्रम में हिंसा हुई थी। उसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे। इस मामले में पुलिस ने 162 लोगों के खिलाफ 58 केस दर्ज किए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले से सम्बंधित दस्तावेज मांगे

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने महाराष्ट्र विधानसभा में विधायकों की अयोग्यता के मामले पर विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय से विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले से जुड़े दस्तावेज पेश करने को कहा है।

## लोगों को स्वच्छ हवा और साफ पानी पाने का अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर सख्ती बरतते हुए कहा कि सभी लोगों को स्वच्छ हवा में सांस लेने, साफ पानी पीने और बीमारियों से मुक्त जीवन जीने का अधिकार है। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में तांबा गलाने वाले संयंत्र को बंद करने के अपने आदेश में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ उद्योग द्वारा आदेशों को बार-बार उल्लंघन की प्रकृति को गंभीर बताया।

**कोर्ट ने खारिज की थी याचिका**

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति



जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, की पीठ ने बुधवार को तमिलनाडु के थूथुकुडी में तांबा गलाने वाले संयंत्र को बंद करने के खिलाफ वेदांता समूह की याचिका को खारिज कर दी थी। मालूम हो कि प्रदूषण कारणों से यह संयंत्र मई, 2018 से बंद है। तमिलनाडु के थूथुकुडी में वेदांत समूह की कंपनी स्टरलाइट कॉपर को बंद करने पर अपने आदेश में पीठ ने कहा कि उद्योग को बंद करना पहली पसंद का मामला नहीं है, बल्कि इकाई द्वारा बार-बार उल्लंघन की प्रकृति और गंभीर है। पीठ ने कहा कि यह एक निर्विवाद और मौलिक सत्य है कि सभी व्यक्तियों को स्वच्छ हवा में सांस लेने, साफ पानी पीने, रोग और बीमारी से मुक्त जीवन जीने का अधिकार है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि वह इस तथ्य से अवगत है कि इकाई राष्ट्र की उत्पादक संपत्तियों में योगदान दे रही है।

## ये नया जम्मू-कश्मीर, दशकों से इंतजार था: पीएम मोदी

**श्रीनगर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी गुरुवार (7 मार्च) को जम्मू-कश्मीर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं। पीएम मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- ये नया जम्मू-कश्मीर है। इसका दशकों से इंतजार था। यह वो जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए



श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौसला है। आज ये खुलकर सांस ले रहा था। धरती के स्वर्ग पर आने का एहसास शब्दों से परे है। पीएम मोदी ने कहा- जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का भुक्तभोगी रहा है। यहां जम्मू-कश्मीर बैंक में अपने नाते-रिश्तेदारों और भाई-भतीजों को भरकर इन परिवारवादियों ने बैंक की कमर तोड़ दी थी। हमने बैंक को एक हजार करोड़ की मदद देना तय किया। जो डूबने वाला बैंक था, आज उसका मुनाफा 1700 करोड़ रुपए तक पहुंच रहा है। कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर और देश को गुमराह किया। आज जम्मू-कश्मीर में सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं।

अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में गुरुवार को प्रधानमंत्री की जनसभा से पहले सुबह बड़ी तादाद में लोग जाते दिखे। भाजपा ने इस कार्यक्रम में 2 लाख लोगों के जुटने का दावा किया।

## उद्धव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 8 अप्रैल को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) सुप्रीमो उद्धव ठाकरे की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अप्रैल के दूसरे सप्ताह में सूचीबद्ध किया। साथ ही शीर्ष अदालत ने प्रतिवादियों को एक अप्रैल या उससे पहले जवाब दाखिल करने को कहा है। बता दें कि उद्धव ठाकरे ने शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराने से महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर के इनकार को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले में अब 8 अप्रैल को सुनवाई होगी, जबकि मुख्यमंत्री शिंदे से एक अप्रैल या फिर उससे पहले उद्धव ठाकरे की याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्पीकर राहुल नार्वेकर के ऑफिस से ठाकरे गुट की याचिका से संबंधित मूल दस्तावेज मंगवाए हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

उद्धव ठाकरे ने स्पीकर राहुल नार्वेकर के उस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की, जिसमें शिंदे गुट को ही असली शिवसेना बताया गया था। शीर्ष अदालत ने 22 जनवरी को स्पीकर राहुल नार्वेकर के फैसले को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके गुट के अन्य सांसदों को नोटिस जारी किया था। दरअसल, 10 जनवरी को पारित एक फैसले में स्पीकर ने शिंदे गुट के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली ठाकरे गुट की याचिका को खारिज कर दिया था और शिंदे गुट को असली शिवसेना बताया था।

## डीआरडीओ स्वदेशी रूप से विस्फोटक डिटेक्टरों की दो अलग-अलग श्रेणियां विकसित की

**नई दिल्ली**

**इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन** ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल), परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय सुरक्षा बलों के लिए स्वदेशी रूप से विस्फोटक डिटेक्टरों की दो अलग-अलग श्रेणियां विकसित की हैं। विस्फोटक डिटेक्टरों को हाल ही में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने सुरक्षा बलों के साथ तैनाती के लिए निदेशक इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) को सौंप दिया था। इस अवसर पर एसपीजी, एनएसजी, सीआईएसएफ, एलटीबीपी, एसएसबी, बीसीएएस, एसएफएफ और भारतीय सेना जैसी विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।




## कांग्रेस के दिवंगत नेता के. करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली**

**आगामी लोक**सभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। केरल में चार बार मुख्यमंत्री रहे के. करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) में शामिल हो गई है। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। पद्मजा वेणुगोपाल बीते कुछ समय से कांग्रेस पार्टी से नाराज चल रही थी। इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि वो पार्टी छोड़ सकती हैं। सदस्यता ग्रहण करने के बाद पद्मजा वेणुगोपाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

## दुश्मनी का भाव रखने वाले को भारत मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार: राजनाथ

**नई दिल्ली**

भारत हर तरह के साजो-सामान से लैस है, सक्षम है और दुश्मनी का भाव रखने वाले को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में चार वर्ष से जारी सीमा विवाद और हिंद महासागर में चीनी सेना की बढ़ी हुई गतिविधियों के बीच कही है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत का समूचा सुरक्षा तंत्र इस समय ऊर्जा से भरा हुआ है। मोदी सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों के चलते भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऐसा शक्तिशाली देश बनकर उभरा है जिसके पास आत्मनिर्भर सेना है। उन्होंने कहा,

पूर्व के किसी कालखंड से तुलना में भारत आज सबसे ज्यादा मजबूत है। मोदी सरकार ने भारतीयता को केंद्र में रखकर देश की ताकत बढ़ाई है। इस सिलसिले में वर्तमान और पूर्व सरकारों के नजरिये ने बहुत ज्यादा असर डाला। मोदी सरकार ने भारत के लोगों की क्षमता पर विश्वास किया और उसे बढ़ाने का कार्य किया, जबकि पूर्व की सरकारें भारतीयों की क्षमता को लेकर असमंजस में रहती थीं।



**'आत्मविश्वास से लबरेज हैं हमारी सेनाएं'**

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हमारी सेनाएं आत्मविश्वास से लबरेज हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि केंद्र में मजबूत नेतृत्व है। हमारे सैनिकों का मनोबल ऊंचा रहे, इसके लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं।

हम अपने सैनिकों को अच्छे से अच्छे हथियारों से लैस कर रहे हैं। उन्हें हर तरह से सक्षम बना रहे हैं, जिससे वे दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें। भारतीय सेनाएं अब दुश्मनी का भाव रखने वाले किसी भी देश को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह वक्तव्य इसलिए और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि पूर्वी लद्दाख में बीते चार वर्ष से भारत और चीन की सेनाएं आमने-सामने हैं। हिंद महासागर में भी दोनों देशों की नौसेनाएं मोर्चेबंदी में जुटी हुई हैं।

**पांच वर्ष में रक्षा निर्यात 50 हजार करोड़ करने का लक्ष्य**

रक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना ने हमारे रक्षा उत्पादन क्षेत्र को बदलकर रख दिया है। रक्षा क्षेत्र में हम बढ़ते समय के साथ आत्मनिर्भरता के नए प्रतिमान गढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में विकसित हो रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर इसके उदाहरण हैं। रक्षा बजट की 75 प्रतिशत धनराशि से केवल स्वदेशी उत्पाद खरीदने की नीति हमारी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि 2014 में हमारा रक्षा उत्पादन 40 हजार करोड़ रुपये का था, जो अब बढ़कर एक लाख दस हजार करोड़ रुपये के पार हो चुका है। इसी प्रकार से रक्षा उपकरणों का हमारा निर्यात साल दर साल बढ़ते हुए अब 16 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।

हमें पूरा भरोसा है कि वर्ष 2028-29 तक हम इसे 50 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचाने में सफल होंगे।





# संदिग्ध हालात में महिला का शव तीन दिन बाद घर से दूर गेंहू के खेत में मिला हड़कंप

## घंटों परिजनों ने किया हंगामा बडी मुश्किल से मृतका के परिजन माने

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जाम्हा खास निवासनी राजकुमारी 45 वर्ष पत्नी जयप्रकाश पटेल चार दिन पूर्व सोरांव के ग्राम जमुआ ननिहाल मिट्टी में कहकर गयी। फिर वापस नहीं लौटी। गुरूवार को सुबह ग्रामीणों ने शव देख कर इसकी सूचना परिजनों को दी। जिसमें से दुर्गंध आ रही थी।जिसपर परिजनों ने जमकर हंगामा काटने लगे। सूचना पर पहुंची मऊआइमा थाने की फोर्स और एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह और फोरेंसिक टीम, तथा डॉग स्क्वायड दस्ता ने पूरे गांव में घंटों घूमें परन्तु कुछ हासिल नहीं हुआ। मृतका राजकुमारी के परिजनों को बहुत समझाने के बाद वह मानें। दो बजे के बाद मृतका के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि फिलहाल इत्तेफाकिया तजकरा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### 3 मार्च को घर से निकली थी राजकुमारी गुमशुदगी रिपोर्ट क्यों नहीं दर्ज कराई गई

बताया गया है कि मृतका राजकुमारी का पति जयप्रकाश पटेल विकलांग है वह चलने फिरने में असमर्थ है। उसके एक बडी पुत्री प्रीति जिसकी शादी हो गई है। जबकि घर पर कृति 16वर्ष रहती।एक पुत्र रवि कुमार पटेल मुंबई में रहकर रोजी रोटी कमाता है। जबकि मृतका राजकुमारी के पति पांच भाई हैं। राजकुमारी के पति जयप्रकाश पटेल पांच भाईयों में चौथे नम्बर का है।जब राजकुमारी मयके गयी फिर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट न दर्ज कराना संदेह के घेरे में आता है।



### टोंस नदी में अज्ञात महिला का सड़ा हुआ मिला शव

**मेजा।** क्षेत्र के बंधवा गांव में टोंस नदी में एक महिला का सड़ा गला शव उतराता हुआ देखा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव के शिनाख्त को लेकर काफी प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सका। चौकी प्रभारी मेजारोड अरविन्द सोनकर ने बताया कि गुरुवार सुबह बंधवा गांव के नदी किनारे स्थित लोगों से सूचना मिली कि नदी में एक महिला का शव मिला है। सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पंहुचकर शिनाख्त का काफी प्रयास किया गया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# दबंगों ने विद्यालय में घुस कर शिक्षक से की मारपीट

## शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने लिखा मुकदमा, चार आरोपियों में तीन पुलिस हिरासत में

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** विकासखंड कोरांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरी बाघराय में दबंगों ने घुसकर शिक्षक की पिटाई कर दी। आक्रोशित शिक्षकों ने कोरांव थाने पहुंचकर दबंगों के विरुद्ध प्राथमिक की दी। जिस पर पुलिस ने नामजद चार अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिक्षकों का आरोप है कि पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लिया लेकिन एक आरोपी थाने से छोड़ दिया गया। शिक्षक सतवंत सिंह पुत्र लक्ष्मीकांत सिंह निवासी बम्बूपुर थाना पैशन जनपद कौशांबी के द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया है कि 12:30 बजे के आसपास विद्यालय में शिक्षण कार्य कर रहा था। बच्चों का लंच किया था और ऑफिस में बैठा था। उसी समय अचानक चार व्यक्तियों में दिलीप जायसवाल पुत्र अमरनाथ जयसवाल, बच्चन जायसवाल जायसवाल, विद्याकांत जायसवाल पुत्र पारसनाथ जायसवाल, पिंटू जायसवाल पुत्र शिव बाबू जायसवाल निवासीगण कोसफरा थाना कोरांव विद्यालय में घुसकर मुझ पर हमला कर मारपीट करने लगे। मुझे कुर्सी उठाकर मारने लगे। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विद्यालय के अभिलेख फाड़ दिए। मुझे धकेल कर एक कमरे में बंद कर तथा रसोईयां लालती देवी व सुकुवरि 'या के साथ भी मारपीट किया। उक्त दबंग व्यक्ति जान से मारने की कोशिश किए। पुलिस ने शिक्षक सतवंत सिंह के चार दबंगों के विरुद्ध दी गई नामजद तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिक्षक का आरोप था कि नामजद आरोपियों में सबको पुलिस ने हिरासत में लिया एक को थाने से छोड़ दिया। इसी प्रकार विद्यालय की रसोइयां लालती देवी पत्नी स्व. छोटेलाल एवं सुकुवरि 'या पत्नी जगदीश निवासी सेमरी बाघराय थाना कोरांव ने भी उपरोक्त चारों अभियुक्तों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शिक्षक के साथ-साथ हम रसोइयों को भी दबंगों ने मारा पीटा और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

इतना ही नहीं रसोइयों ने आरोप लगाया है कि अगर कहीं शिकायत करो करोगी तो तुम लोगों को पुनः मारकर जान से खत्म कर देंगे। इस संदर्भ में थाना प्रभारी कोरांव राकेश भारती से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिक्षक के द्वारा चार अभियुक्तों के विरुद्ध तहरीर दी गई है। जिनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची थी और तीन अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया था। जितने लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया वे सब थाने पर हैं, जो अभियुक्त अभी गिरफ्त में नहीं है उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### अशफाक अहमद बनें अल्पसंख्यक सभा के जिला उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष



**फूलपुर।** समाजवाद की भावना के साथ पार्टी की विचारधारा पर निष्ठापूर्वक काम करने पर फूलपुर के वरिष्ठ समाजसेवी व सपा नेता अशफाक अहमद को शीर्ष नेतृत्व ने अल्प संख्यक सभा की जिला कार्यकारिणी में शामिल करते हुए जिला उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। अपने कर्मठ व जुझारू नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर सपा कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं अशफाक अहमद ने सपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भरोसा जताने पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल,सपा जिला अध्यक्ष अनिल यादव, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील खान नदवी व अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष कमर आलम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। फूलपुर तहसील क्षेत्र के वीरकाजी गांव निवासी अशफाक अहमद पिछले कई वर्षो से समाजवादी पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी की विचारधारा को जन- जन तक पहुंचाने का काम करते रहे हैं। पार्टी में अहम जिम्मेदारी मिलने पर सपा नेता दीनानाथ यादव, रामचंद्र तुफानी, हरिओम प्रकाश, राकेश कुमार, एजाज अहमद ने उन्हें बधाई दी।

### हनुमानपुर में श्रीमद् भागवत कथा में जुटी भक्तों की भीड़



**करछना** के हनुमानपुर गांव में चल रही साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण की कथा सुन लोग आनंदित हो रहे हैं। कथा वाचक के रूप में कथा के व्यास पीठ पर विराजमान प्रयागराज धाम से पधारे कथा व्यास श्री हरिहर जी महाराज ने कथा के तीसरे दिन गुरुवार को अजामिलो पाख्यान, ध्रुवोपाख्यान ,वाराह अवतार की कथा का प्रसंग सुनाया । उन्होंने बताया कि भागवत कथा पाप विनाशिनी के साथ मोक्ष दायनी होती है। भागवत व्यास के कंठ में अमृत होता है। और कभी भी संत का क्षण और अन्न का कण बर्बाद नहीं करना चाहिए। और कहा कि वह घर-घर नहीं होता जहां पर स्वाहा-स्वधा नहीं होता। उन्होंने विद्या व साक्षर की उपमा हनुमान और रावण से की। और बताया कि असमर्थ को समर्थ बना देने को ही देवता कहते हैं। कथा के मुख्य श्रोता यजमान आशाराम द्विवेदी व शकुंतला देवी की ओर से कुलगुरु पं चंद्र भूषण मिश्र व कथा व्यास हरिहर जी महाराज सहित पुराणवाचक पं हरिकांत मिश्र का माल्यार्पण कर-के अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक राजेश चंद्र द्विवेदी व संयोजक एडवोकेट उमेश कुमार द्विवेदी तथा व्यवस्थापक राम मनोहर लोहिया की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर गुलाब पांडेय , नवल किशोर पांडेय, राकेश अवस्थी ,रमा शास्त्री, रामप्रताप पांडेय , अशोक मिश्र, लालता प्रसाद द्विवेदी, शिवजी तिवारी, विजय कुमार ओझा , विजय शंकर पांडेय , शिव कैलाश द्विवेदी , कलक्टर प्रसाद द्विवेदी, शिवाकांत पांडेय , सालिकराम तिवारी, अनिल ओझा , आशाराम पाल , संतलाल तिवारी , राम अनुग्रह ओझा शिवनारायण मिश्र, हर्षित , अर्पित आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### रमजान के मद्देनजर रखते हुए एसपीओ टीम की नैनी ईदगाह में बैठक सम्पन्न



**नैनी।** नैनी ईदगाह में माहे रमजान को मद्देनजर रखते हुए विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम मुस्लिम धर्मगुरूओं के साथ बैठक कर आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, रमजान, तथा होली के सम्बन्ध में पुलिस प्रशासन द्वारा जारी किये गये निदेशों को पालन करने तथा आपसी भाईचारा गंगा जमुनी तहजीब के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया। बैठक में प्रभारी अभय राज सिंह ने लोगों से कहा कि वें एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर त्यौहारों पर होने वाले समस्याओ के सम्बन्ध में एक रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को सौंपेंगे ताकि उसका निस्तारण व समाधान किया जा सके। बैठक में प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद तथा जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली ने आगामी पर्व महाशिवरात्रि, माहे रमजान तथा होली की बधाई देते हुए शुभकामना संदेश दिया। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली वीरेंद्र कुमार पटेल धीरज मिश्रा नैनी ईदगाह के मौलाना तथा क्षेत्र के संबंधित जिम्मेदार नागरिक मौजूद रहे।

मालिकाना अधिकार के लिए श्रमिक बस्ती समिति का गठन

### मोहम्मद शाहिद अध्यक्ष बने, सोलह पदाधिकारी व कार्यकारी सदस्य चुने गए



**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती के आवासों के मालिकाना अधिकार हेतु आंदोलन चला रहे श्रमिक बस्ती नैनी के निवासियों द्वारा सर्वसम्मति से 'श्रमिक बस्ती समिति' का गठन किया गया इस गठन में मोहम्मद शाहिद अध्यक्ष, अमरचंद शर्मा, राघवेंद्र सिंह, भूपेंद्र राय उपाध्यक्ष, विनय मिश्र महासचिव, अनिल कुमार विश्वकर्मा उप महासचिव, नंदकिशोर मिश्र, एस. बी. सिंह व कौशल कुमार दीक्षित सचिव, अजमत हुसैन कोषाध्यक्ष, जगबरन सिंह उपकोषाध्यक्ष, विनीत कुमार दुबे- प्रकाशन मंत्री मीडिया प्रभारी, उमानंद मिश्र, आत्मानंद श्रीवास्तव, विवेक कुमार द्विवेदी, सत्येंद्र यादव, अरुणा पांडे प्रबंध समिति सदस्य चुने गए। यह जानकारी समिति के महासचिव विनय मिश्र ने दी है। समिति के महासचिव विनय मिश्र ने बताया है कि पिछले अगस्त माह से चलाए जा रहे आंदोलन धरना प्रदर्शन में जो लोग अभी तक शामिल होते रहे हैं। उन्हीं लोगों के बीच से पदाधिकारियों का चयन किया गया है। मिश्र ने बताया है कि श्रमिक बस्ती के सभी ब्लॉकों में से एक एक ब्लॉक प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा। ताकि मालिकाना अधिकार आंदोलन को सुचारू रूप से चलाया जा सके। आंदोलन की सफलता के लिए एक नया फेसबुक पेज श्रमिक बस्ती समिति नैनी प्रयागराज उप्र के नाम से शुरू हुआ है तथा व्हाट्सएप ग्रुप भी चलाया जा रहा है।

### उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य द्वारा सम्बंधित विभागों की बच्चों से जुड़ी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी जी के द्वारा गुरुवार को सर्किट हाउस के सभागार में अस्पताल एवं आगंनवाडी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक किया गया, जिसमें जनपदस्तरीय अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक में सदस्य जी ने महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, आबकारी विभाग, एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा बच्चों से जुड़ी योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।

### 50 प्रतिशत अनुदान पर जायद फसलों के बीज तथा जिप्सम उपलब्ध

**सोरांव।** इलाके के राजकीय कृषि बीज भण्डार सोराव में जायद की खेती करने वालों किसानों के लिए पचास प्रतिशत अनुदान पर उर्द,मूँग व हाइब्रिड मक्का का उन्नतशील बीज उपलब्ध है। जिस किसानों को जायद फसल की खेती समय से करनी है। ऐसे किसान बीस मार्च तक राजकीय कृषि बीज भंडार सोरांव के बीज गोदाम प्रभारी शैलेन्द्र कुमार से संपर्क करके सरकार द्वारा दी जा रही पचास प्रतिशत अनुदान का फायदा उठाकर अच्छी और सस्ती खेती कर सकते है। योजना का लाभ लेने के लिए किसान अपने साथ आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक के पासबुक की छायाप्रति तथा खतौनी की छायाप्रति लेकर सुबह दस बजे से चार बजे तक कार्यालय में संपर्क करके बीज प्राप्त कर सकते है। जिससे की समय से अनुदान की राशि खाते में भेजा जा सके। उक्त जानकारी सहायक विकास अधिकारी(कृषि) सत्य प्रकाश यादव तथा बीज गोदाम प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने दी है।

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर झूमे श्रोता



**झूंसी।** पुलिस बूथ पावर हाउस स्थित महावीर हनुमान मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक दीप शास्त्री ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया तो श्रद्धालु झूम उठे। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप की मनमोहक झांकी निकाली गई। श्रद्धालुओ ने कन्हैया के जन्म पर खुशी से झूमते हुए पैसे, टॉफी, बिस्किट, कपड़े लुटाए। देवरहा बाबा मंच के प्रमुख रामदास महाराज, महापौर गणेश केशरवानी, पार्षद कोहना अनिल यादव धुन्नू ने भगवान की आरती उतारी। जिसके बाद महापौर ने उपस्थित लोगों को अपने हाथों से प्रसाद दिया। श्रीमद भागवत कथा में पार्षद छतनाग शिवनारायण यादव, पार्षद गुल्फिरोज, व्यवस्थापक पं प्रकाश पांडे, पिंटू नेता, गिरिजेश मिश्रा, राजन शुक्ला, रवि प्रखर, रामबाबू केशरवानी, आयुष अग्रहरी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# उच्चितदर विक्रेता और आपूर्ति निरीक्षक के विरुद्ध आरोप

### डीएम के निर्देश पर एडीएम नागरिक आपूर्ति ने एसडीएम से मांगी रिपोर्ट

**कोरांव।** जिले के अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति ने डीएम प्रयागराज के निर्देश पर एक कोटेदार को बचाने के लिए कूट रचित रिपोर्ट बना कर डीएसओ प्रयागराज को प्रेषित करने के मामले में एसडीएम कोराव को पत्र भेज कर जांच कार्यवाही की आख्या मांगी है। उल्लेखनीय है कि आपूर्ति निरीक्षक कोरांव ने कोटेदार अल्हवा लाल बहादुर के विरुद्ध खाद्यान्न में हेरा फेरी आदि अनियमितता की शिकायत उच्च स्तर पर की थी। किंतु आपूर्ति इंस्पेक्टर संजय कुमार विश्वकर्मा ने शिकायत को मनमाने ढंग से कोटेदार को बचाने के लिए फर्जी शिकायत कर्ता का अंगूठा लगा कर शिकायत का निस्तारण जिले के अधिकारियों को प्रेषित कर दिया था जिसकी जानकारी होने पर शिकायत कर्ता सूर्यकली और राम रसीले ने शपथ पत्र के साथ डीएम और एडीएम आपूर्ति से शिकायत कर दी। जिलाधिकारी प्रयागराज की शपथ पत्र सहित प्रेषित शिकायत की जांच कार्यवाही के लिए एडीएम नागरिक आपूर्ति प्रयागराज को प्रेषित किया। जिस पर रमेश सिंह एडीएम नागरिक आपूर्ति प्रयाग राज ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम कोरांव को पांच मार्च को पत्र भेज कर शिकायत की जांच रिपोर्ट मांगी है। इस संदर्भ में एडीएम आपूर्ति रमेश सिंह ने बताया कि सर्व प्रथम एसडीएम से रियोर्ट मांगें है उनकी रिपोर्ट देखता हूं अन्यथा स्वत जांच करके विधिक कार्यवाही करूंगा। उन्होंने बताया कि इसमें जो भी दोषी होगा उन्हे बख्सेगें नहीं। आवश्यकता पड़ी तो ग्राम अल्हवा का स्वयं भ्रमण करूंगा और कार्ड धारकों से मिलूंगा,और शिकायत कर्ता से भी वार्ता करूंगा।

# अनियंत्रित बाइक सवार छात्र गिरे, गम्भीर घायल

### परीक्षा देकर लौट रहा छात्र अनियंत्रित होकर बाइक से गिरा गम्भीर रूप से घायल,शहर रेफर

अखण्ड भारत सन्देश

**मांडा।** चचेरे भाई के साथ बाइक से हाईस्कूल की परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। नाजुक दशा में दोनों घायलों को इलाज हेतु मांडा सीएचसी से प्रयागराज एसआरयन भेजा गया। थाना क्षेत्र के गेरुआडीह गाँव निवासी उमेश चंद्र आदिवासी (17) हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा देने गुरुवार प्रथम पाली बाइक से अपने चचेरे भाई रवि शंकर आदिवासी निवासी गेरुआडीह के साथ जीआईसी सुरवांदलापुर परीक्षा केंद्र पर गया था। रवि शंकर परीक्षा देकर बाहर निकला, तो चचेरे भाई उमेश उसे बाइक पर बैठा कर अपने घर गेरुआडीह के लिए निकला। सिकरा गाँव के सामने बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी। जिससे दोनों को काफी चोटें आयीं। अन्य छात्रों की सूचना पर मांडा सीएचसी के एंबुलेंस 108 से दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया, लेकिन हालत नाजुक और दोनों के पैर टूटे होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी मांडा से एसआरयन प्रयागराज भेजा गया। इस दौरान सीएचसी में गेरुआडीह गाँव के दोनों घायलों के परिजन व तमाम ग्रामीण डटे रहे।





### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बालक की मौत घर में मचा कोहराम

**मऊआइमा।** गुरुवार को शाम के पहर सकरामऊ निवासी धर्मपाल पटेल का छह वर्षीय पुत्र सार्थक पटेल कोचिंग गया था।बताते हैं कि छुट्टी होने पर वह सडक पार करके जैसे घर की ओर मुडा फोरलेन हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।सार्थक पटेल 6 वर्ष की मौत पर घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची मऊआइमा पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए मना कर दिया गया। उधर इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन कोई कानूनी कार्यवाही नहीं चाहते। बहरहाल मृतक सार्थक पटेल एक भाई एक बहन थे।बहन बडी है। बताया गया है कि देर रात गांव के कब्रिस्तान में अन्तिम संस्कार की तैयारी चल रही थी।

# शुआट्स में होगी वैल्यू एडेड इनोवेटिव ट्रांसलेशनल रिसर्च सेंटर की स्थापना

**नैनी, प्रयागराज।** जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बाइरैक) द्वारा शुआट्स में इम्पावरिंग यूथ फार अण्डरटेकिंग वैल्यू एडेड इनोवेटिव ट्रांसलेशनल रिसर्च (ईयुवा) सेन्टर स्थापित करने हेतु अनुदान प्रदान किया गया। शुआट्स, 100 वर्ष से अधिक विश्वविख्यात संस्थान है जिसमें ईयुवा सेन्टर स्थापित होने से संकाय, उनके अनुसंधान और छात्र समुदाय को बढ़ावा मिलेगा। यह उद्योग-अकादमिक इंटरफेस को बढ़ावा देगा और प्रभाव पहलों की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से बाइरैक के जनादेश को लागू करेगा। ई-युवा योजना का उद्देश्य युवा छात्रों और शोधकताओं के बीच व्यावहारिक अनुसंधान और आवश्यकता-उन्मुख (सामाजिक या उद्योग) उद्यमशीलता नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह योजना स्नातक, स्नातकोत्तर और पोस्ट-डॉक्टरेट सहित विभिन्न स्तरों पर छात्रों को वित्त पोषण सहायता (फेलोशिप और अनुसंधान अनुदान के माध्यम से), तकनीकी और व्यावसायिक सलाह, जैव ऊष्मायन मॉडल के संपर्क, उद्यमशीलता संस्कृति के लिए अभिविन्यास आदि प्रदान करेगी। इस योजना के माध्यम से, ई-युवा सेंटर (ईवाईसी) नामक समर्पित हब को विश्वविद्यालय की स्थापना के भीतर रखा जाएगा और बाइरैक बायो एनईएसटी समर्थित बायो-इनक्यूबेटर द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा। ईवाईसी एंकर के रूप में कार्य करेगा और छात्रों को अपेक्षित समर्थन और सलाह देगा। ईवाईसी में एक बाइरैक समर्थित प्री-इन्क्यूबेशन स्पेस होगा जो चयनित छात्रों द्वारा बुनियादी अनुसंधान और प्रयोग के लिए बुनियादी ढांचे और उपकरण प्रदान करता है। बायो-इनक्यूबेटर कनेक्ट के माध्यम से उन्नत अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है। यह योजना बाइरैक के इनोवेशन फेलो को सहायता प्रदान करती है। डोमेन में आने वाले क्षेत्रों में हेल्थकेयर, लाइफसाइंसेज, डायग्नोस्टिक्स, मेडिकल डिवाइस, ड्रग्स, टीके, ड्रग फॉर्मूलेशन और डिलीवरी सिस्टम, औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी, जैव सूचना विज्ञान, कृषि, माध्यमिक कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, स्वच्छ ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता शामिल हैं। यह प्रस्ताव प्रोफेसर डॉ. डी.एम. डेनिस, निदेशक इनोवेशन, प्रोजेक्ट्स और कंसल्टेंसी, शुआट्स द्वारा प्रस्तुत किया गया था। बोरलॉग और विश्व बैंक पुरस्कार विजेता प्रोफेसर डेनिस का कहना है कि यह परियोजना राज्य और उससे बाहर के शहरी या ग्रामीण दोनों छात्रों को मदद करेगी जो नवाचार कर सकते हैं और राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। यह छात्रों के नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी निमार्ता बनने के सपनों को पोषित करेगा, इस प्रकार विभिन्न विषयों में उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देगा।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय सुलतान पूरे मखदूम निवासी शोएब पुत्र इशरार अली का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसे लाठी डंडा से मारे जान से मारने की धमकी भी दिए। शोएब ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर जीशान, रेहान और तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### किशोरी का अपहरण एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** प्रतापगढ़ के थाना देल्हूपुर के दारागंज नौवापुर निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी चौदह वर्षीय लड़की को 4 मार्च को शौच के समय मऊआइमा के ग्राम चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा निवासी विकास पटेल पुत्र दुखी पटेल उठा ले गया। जिसपर मऊआइमा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### तजीम घोसी समाज क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ समापन



**प्रयागराज।** उमरगंज भंडरा प्रयागराज में तंजीम घोसी समाज क्रिकेट टूनार्मेंट का आज फाइनल मैच था इस मैच के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रेवती रावण पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल उर्फ पप्पू और प्रधान इमरान अहमद पूर्व प्रधान जहीर अहमद तंजीम घोसी समाज के अध्यक्ष सहाबा अली कोषाध्यक्ष रमजान अली आयोजन इमरान प्रधान बबलू बीडीसी जलीस अहमद नसीम अहमद शमीम अहमद आदि लोग मौजूद रहे मुख्य अतिथि रवेती रमन सिंह ने दोनों टीमों का उत्साह बढ़ाया और सभी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी इतना ही उन्हें उन्होंने सभी खिलाड़ियों की उज्जैन भविष्य की कामना की फाइनल मैच में दो टीम में पहुंची थी हैदर स्पोर्टिंग क्लब दादूपुर और इस्माइल स्पोर्टिंग क्लब घूरपुर के बीच में यह महा मुकाबला होना था इस माह मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए 16 ओवर में 183 रन बनाएं घूरपुर स्पोर्टिंग क्लब ने उसके बाद हैदर स्पोर्टिंग क्लब दादूपुर के खिलाड़ियों ने 16 ओवर में 150 रन पर ही बना पाए और पूरी टीम आउट हो गई इस महा मुकाबले में घूरपुर स्पोर्टिंग क्लब ने मैच जीता विनर टीम को पैशन प्रो गाड़ी दी गई और रनर टीम को डबल डोर फ्रिज मिली आरिफ अहमद पालपुर बगिया को मैन ऑफ द सीरीज वाशिंग मशीन दिया गया इस टूनार्मेंट में 32 टीमों ने एंट्री ली थी जिसमें दो टीम फाइनल पहुंची घूरपुर वोटिंग क्लब और दादूपुर स्पोर्टिंग क्लब इस पूरे क्रिकेट टूनार्मेंट में कई गांव के लोग रोज मौजूद रहते थे और सभी लोग ने पूरे उत्साह के साथ यह भी देखा समीम अहमद भंडरा ने सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

# डीपीओ कार्यालय का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार, आख्या लगाने को मांगे पांच हजार, विजिलेंस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में तैनात बाबू विवेक कुमार द्विवेदी को बुधवार विजिलेंस ने पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि दांपत्य विवाद में आख्या लगाने को लेकर रुपये मांगे थे। आरोपी के खिलाफ विजिलेंस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।विवेक मूल रूप से संत रविदास नगर का रहने वाला है। कई साल से डीपीओ कार्यालय में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात है। विजिलेंस के मुताबिक, कटका झूंसी के शिवम श्रीवास्तव पुत्र महेंद्र श्रीवास्तव ने आरोपी बाबू के खिलाफ शिकायती पत्र एसपी विजिलेंस को दिया था। इसमें बताया कि उसकी पत्नी ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षा अधिनियम के तहत उसके खिलाफ वाद दायर किया है। इसके बाद यह मामला मध्यस्थता के लिए भेजा गया है। इसी संबंध में चार मार्च को बयान दर्ज कराने के लिए उसे नोटिस जारी हुआ था।उसका आरोप है कि तय तिथि पर वह आरोपी बाबू से मिला और बयान के संबंध में शपथपत्र दिया लेकिन उसे इसकी रिसीविंग नहीं दी गई। आरोप है कि इस संबंध में बात करने पर आरोपी बाबू विवेक ने पांच हजार रुपयों की मांग की। साथ ही कहा कि रुपये लेकर आने पर ही रिसीविंग दी जाएगी और उसके पक्ष में रिपोर्ट लगाकर आख्या भी न्यायालय में भेज दी जाएगी। विजिलेंस अधिकारियों ने बताया कि गोपनीय तरीके से शिकायत की जांच कराने पर मामला ट्रैप करने योग्य पाया गया। इसके बाद आरोपी को रंगेहाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया।बुधवार को पीड़ित रुपये लेकर सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पहुंचा। वहां जैसे ही आरोपी बाबू ने रुपये थामे, ट्रैप टीम ने उसे दबोच लिया। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पुलिस लाइन स्थित थाने ले आया और फिर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। विजिलेंस के इंस्पेक्टर हवलदार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# 2.77 लाख परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

## यूपी बोर्ड में आज हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान व इंटर में रसायन विज्ञान की थी परीक्षा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गुरुवार को यूपी बोर्ड की परीक्षा में आज करीब 2.77 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान एवं इंटर में रसायन शास्त्र की परीक्षा में यह आंकड़ा रहा। आज प्रथम पाली में हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान एवं इंटर में व्यवासायिक वर्ग की परीक्षा थी। प्रथम पाली में 29,59,023 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 1,77,521 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।इसी प्रकार द्वितीय पाली में हाईस्कूल की सिलाई एवं इंटर की रसायनशास्त्र व समाजशास्त्र की परीक्षाएं हुई। इस परीक्षा में 20,18,283 परीक्षार्थियों को आना था। पर 1,00,122 गैरहाजिर रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में 2,77,643 परीक्षार्थी नहीं आए। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि परीक्षा के दौरान एक बालिका नकल करते हुए पकड़ी गई। नौ मार्च को दो लाख से अधिक परीक्षार्थी देंगे परीक्षा इसी तरह नौ मार्च को दो लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इसी के साथ बोर्ड परीक्षा का समापन हो जाएगा। शुक्रवार को प्रथम पाली हाईस्कूल में गुजराती, उर्दू, पंजाबी आदि विषयों की परीक्षा 3409 केंद्रों एवं इंटर की व्यवसायिक वर्ग के विषयों की परीक्षा 1091 परीक्षा केंद्रों पर होगी। इनमें हाईस्कूल में 63508 एवं इंटर में 32,475 समेत कुल 95983 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। द्वितीय पाली में इलेक्ट्रिशियन,आपदा, प्रबंधन, सोलर सिस्टम, रिपेयर व प्लम्बर विषय की परीक्षा एक केंद्र तथा इंटर की संस्कृत व कृषि वर्ग के विषयों की परीक्षा 5613 केंद्रों पर होगी। हाईस्कूल 37 परीक्षार्थी इंटर में 12,7941 परीक्षार्थी समेत कुल 1,27,978 परीक्षार्थी पंजीकृत है। दोनों पालियों 2,23,924 पंजीकृत हैं।




## बच्चों ने मन से लिया संकल्प मैं हूं मोदी परिवार

**नैनी।** नैनी मंडल किसान मोर्चा के तत्वाधान में ग्राम सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत चक भटाई पार्षद मयंक यादव व किसान मोर्चा उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सरदार पतविंदर सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में नैनी मंडल में ग्राम संपर्क अभियान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विरोधियों द्वारा मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणी के विरोध में संजय श्रीवास्तव ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा की सभी लोग अपने सोशल मीडिया पर में हूं मोदी का परिवार स्लोगन अंकित करके विरोधी दलों को करारा जवाब दें। पार्षद मयंक यादव ने एक बार फिर से मोदी सरकार अबकी बार 400 पार का नारा दिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय श्रीवास्तव, सरदार पतविंदर सिंह उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, नीरज शर्मा नैनी मंडल अध्यक्ष, प्रदीप कुमार तिवारी, सुनील कुशवाहा, मोहित अग्रहरि, सुधीर प्रजापति, राज सिंह, सुनील विश्वकर्मा, उमेश सेन, शिवदानी सिंह उपाध्यक्ष नैनी मंडल, आदि पदाधिकारी एवम क्षेत्र के नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे।

# क्रियायोग आश्रम आध्यात्मिक प्रांगण के विशेष कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव







अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** झूंसी स्थित क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने क्रियायोग आश्रम में संपन्न हो रहे दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लिया। आश्रम के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम जी के सानिध्य में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ने 'योगी कथामृत' नामक सुप्रसिद्ध सद्ग्रंथ के लेखक श्री परमहंस योगानंद जी के महासमाधि के पावन अवसर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किए, तथा आश्रम में मौजूद देश-विदेश से आए साधकों से मुलाकात की । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में परमहंस श्री योगानंद जी के महासमाधि के पवन अवसर पर कार्यक्रम संपन्न हो रहा था इसी बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ने क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम जी से आश्रम आने की इच्छा व्यक्त की । वही कार्यक्रम के दौरान क्रियायोग संस्थापक ने बताया की आज के दिन, 7 मार्च 1952 को लॉस एंजेलिस के बिल्टमोर होटल में आयोजित प्रतिभोज, जहाँ 50 देश के राजदूतो के समक्ष परमहंस योगानंद जी भारत के नाम अपना संदेश देते हुए महासमाधि में प्रवेश किया। महासमाधि के उपरांत 20 दिनों तक उनके शरीर में किसी प्रकार का विकार नहीं आया। परमहंस योगानंद जी के पार्थिव शरीर में किसी भी प्रकार के विकार का लक्षण ना दिखाई पड़ना हमारे लिए एक अत्यंत असाधारण एवं अपूर्ण अनुभव है.... उनकी मृत्यु के 20 दिन बाद भी उनके शरीर में किसी प्रकार की विक्रिया नहीं दिखाई पड़ी। ... न तो त्वचा के रंग में किसी प्रकार की परिवर्तन के संकेत थे और न शरीरतंतुओं में शुष्कता ही आयी प्रतीत हो रही थी। अमेरिका के डॉक्टर ने अपनी रिपोर्ट में उक्त विचार व्यक्त किये।

# अखिलेश यादव की एक झलक पाने को कार्यकर्ता रहे बेकरार





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार को झूंसी हवेलिया स्थित नव दंपति डॉ. अंकित यादव व डॉ प्रियंका यादव को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। अखिलेश यादव के स्वागत के लिए शास्त्री पुल से लेकर हवेलिया तक सपाइयों की भारी भीड़ रही। अखिलेश यादव के पहुंचते ही उनकी एक झलक पाने को सपा कार्यकर्ता बेकरार हो उठे। राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता महासभा राजेश यादव के बेटे डॉ. अंकित का विवाह बुधवार को डॉ जेपी यादव की पुत्री डॉ प्रियंका यादव से हुआ। गुरुवार को अखिलेश यादव डॉ जेपी यादव के घर पहुच कर नव दंपति को आशीर्वाद दिया। अखिलेश यादव के झूंसी आने की जानकारी मिलते ही रातों-रात जीटी रोड से लेकर कॉलोनी तक सपा के होर्डिंग पोस्ट से पट गई। गुरुवार को सुबह से ही झूंसी में सफाईयों का जमावड़ा रहा। अखिलेश यादव झूंसी पहुंचे तो सपा कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया अखिलेश यादव ने भी गाड़ी से बाहर निकाल कर सभी का अभिवादन किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का किया जाएगा । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 9.03.2024 को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ' जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा ' समस्त वाद कारियो से अनुरोध है कि वे अपने मुकदमों के तस्दीक अधिवक्ता के द्वारा उचित माध्यम से लोक अदालत के आयोजन से पूर्व संपन्न करा ले जिससे उनके मुकदमों का निस्तारण किया जा सके ' यह जानकारी आलोक दूबे प्रभारी सचिव /अपर जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

# प्रधानमंत्री जी के स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण



**प्रयागराज।** पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के अन्तर्गत परियोजना का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा श्रीनगर से किया गया, जिसमें भारत के समस्त राज्यों के पर्यटन विभाग द्वारा डिजिटली प्रसारण के माध्यम से जोड़ा गया था। स्वदेश दर्शन 2.0 के अन्तर्गत प्रदेश के दो जनपदों के चयन किया गया है, जिसमें एक प्रयागराज स्वदेश दर्शन-2.0 के शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य फेज-1 के रूप में स्वीकृत किया गया, जिसकी लागत लगभग धनराशि रू0 13.00 करोड़ है, जिसके अन्तर्गत विक्टोरिया मेमोरियल पर फसाड लाइटिंग, कल्प वृक्ष का सौन्दर्यीकरण, चिल्डेज्न प्ले एरिया, कैफेटेरिया एवं अन्य पर्यटन विकास सम्मिलित है। उपरोक्त परियोजना का नाम कहानियों का शहर टाइटल के अन्तर्गत रखा गया है। दिनांक 07.03.2024 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम को लाइव प्रसारण के माध्यम से शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत डा0 वी0के0 सिंह द्वारा आजाद पार्क के पर्यटन विकास के सम्बन्ध में अपने सुझाव व्यक्त किये गये, जिसमें पार्क के सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ उसके आस-पास साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए के सुझाव दिये गये, इस अवसर पर क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी सुश्री अपराजिता सिंह, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के नोडल अधिकारी अमित गुप्ता, राकेश वर्मा संस्कृति विभाग, गुलाम सरवर पाण्डुलिपि अधिकारी, वासुदेव बोइना डिस्टीनेशन को-आर्डिनेटर एवं पवन कुमार पीतला डिस्टीनेशन को-आर्डिनेटर आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।



## डिटलाइजेशन के विरोध में शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ प्रयागराज संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा आज आन लाईन डिजिटलाईजेशन के विरोध में जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन के द्वारा शिक्षकों ने पांच सूत्री अपनी मांग जिसमें बिना संसाधन दिए विद्यालयों में छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति ,ऑनलाइन मध्यान भोजन की सूचना देना, राज्य कर्मचारियों की भांति विभिन्न अवकाश जैसे प्रतिकर अवकाश, अर्ध अवकाश प्रदान करने की मांग की।ज्ञापन देने वालों में जिला मंत्री प्रशांत कुमार ओझा मनोज मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष इंद्रेश कुमार तिवारी जिला संयुक्त मंत्री आलोक श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष हंडिया अरविंद यादव आनंद यादव अनिल ओझा अनिल यादव अर्जित दुबे संतोष कुमार विभूति नारायण अशोक कुमार रविशंकर मिश्रा अशोक कुमार रतन शर्मा आदि शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नीति बनाने में ही उलझा निगम, सड़क पर घूम रहे आवारा पशु; चुनाव तक टला निर्णय

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** आवारा पशुओं तथा भैंसों को सड़क से हटाने की योजना बस दावों तक सीमित रह गई है। नगर निगम डेयरियों को लेकर नीति बनाने में ही उलझा है और हर प्रमुख मार्ग पर भैंसों का आवागमन जारी है तो गाय और सांड़ भी झुंड में बैठे मिल जाएंगे। मुश्किल यह कि लोकसभा चुनाव से पहले शासन से निर्देश मिलने की भी उम्मीद नहीं है। यानी, नीति पर निर्णय अभी टलता दिख रहा है।महाकुंभ से पहले डेयरियों को शहर से बाहर करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए डेयरियों तथा पशुओं के सर्वे कराने के साथ अवैध तरीके से पशु पालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर निगम की ओर से शहर के चारों तरफ कैटल कॉलोनी बनाकर डेयरियों को वहां शिफ्ट करने की योजना बनाई गई। इस बाबत नीति बनाने के लिए शासन को पत्र लिखा गया लेकिन इसके बाद से ही प्रक्रिया ठप हो गई है। शासन से कोई दिशा निर्देश अभी तक नहीं आया है। इसकी वजह से नीति बनाने का काम भी रुक गया है। इसी के साथ कैटल कॉलोनी की कवायद भी फिलहाल रुक गई है।वहीं अफसरों का कहना है कि आचार संहिता लागू होने से पहले गाइडलाइन नहीं आती है तो फिर चुनाव बाद ही इसकी प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। ऐसे में महाकुंभ आयोजन से पहले कैटल कॉलोनियों के निर्माण तथा डेयरियों को शहर से बाहर किए जाने की योजना पर भी सवाल उठने लगा है। वहीं पशु कल्याण एवं चिकित्साधिकारी डॉ.विजय अमृत राज का कहना है कि शासन से गाइडलाइन का इंतजार है। गाइडलाइन आते ही नीति तैयार कर आगे प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

**13 भैंसों के चालान तथा नीलामी से 1.85 लाख की वसूली :** नगर निगम की ओर से भैंसों को छुट्टा छोड़े जाने के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। पिछले 15 दिनों में ही 11 भैंसों का चालान किया गया तो दो की नीलामी भी की गई। संबंधित पशुपालकों से निगम ने एक लाख 85 हजार 700 रुपये की वसूली की।

**महात्मा गांधी मार्ग पर भैंसों की रोक का असर नहीं :** नगर निगम की ओर से महात्मा गांधी मार्ग पर भैंसों के आवागमन को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य मार्गों पर भी भैंसों को छोड़े जाने का समय निर्धारित है लेकिन निगम के किसी भी नियम का पालन होता नहीं दिख रहा। महात्मा गांधी मार्ग पर भैंसों का झुंड लगातार आता-जाता रहता है। पशु कल्याण अधिकारी का कहना है कि महात्मा गांधी मार्ग पर निगरानी के लिए विशेष टीम लगाई गई है। मंगलवार को दो पशु पकड़े भी गए लेकिन इन दावों के बावजूद बुधवार को फिर भैंसों का आवागमन जारी हो गया।

# बाबा धाम से मिलती है रामपुर खास के सतत विकास की शक्तिः प्रमोद तिवारी

## बाबा घुइसरनाथ धाम में लोक कलाकारों का प्रथम दिन रंगारंग धमाल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में राष्ट्रीय एकता महोत्सव के प्रथम दिवस महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर भव्य सांस्कृतिक रंगमंच से नेहरू युवा केंद्र तथा लखनऊ से सूचना विभाग के सांस्कृतिक दल के कलाकारो ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कलाकारों के द्वारा एक से बढकर एक एकता व सदभावना से जुडी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की झलक के साथ यहां महोत्सव का आगाज हुआ दिखा। नेहरू युवा केंद्र के सांस्कृतिक दल के साथ स्थानीय कलाकारों ने भजन तथा बिरहा व लोकगायन एवं नृत्य से उन्तीसवें महोत्सव की यादगार शुरूआत की।



बाबा घुइसरनाथ मंदिर में स्थापित शिवलिंग

महोत्सव के प्रथम दिवस के कार्यक्रमों में कलाकारों का राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता एवं बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी उत्साहवर्धन करते दिखे। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि पिछले अटठाईस वर्षो से लगातार बाबा घुइसरनाथ की कृपा से यहां राष्ट्रीय एकता महोत्सव देश की एकता तथा अखण्डता को मजबूत पैगाम देता आ रहा है। उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति व कला को बढ़ावा देने के साथ महोत्सव के जरिए मिलजुलकर विकास की तरफ मजबूत कदम बढाने का भी यह आयोजन संकल्प शक्ति को ऊर्जा प्रदान करता है। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों को महोत्सव आयोजन समिति की ओर से सम्मानित कर हौसला आफजाई भी की। इसके पहले नेहरू युवा केंद्र के कलाकार नीरज शुक्ला एवं खुशबू सिंह के दल ने शिव ताण्डव के साथ भजन व लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सूचना विभाग लखनऊ के लोक कलाकार संतोष ने जेकर नाथ घुइसरनाथ उ अनाथ कइसे होई.. तथा दुश्मन मिले सबेरे मगर मतलबी यार न मिले...अवध में आये राम रसिया जैसे आध्यात्मिक गीतों को अपना कोकिल सुर प्रदान किया। महोत्सव में कलाकारो ने शिव ताण्डव तथा राधा कृष्ण भाव नृत्य की भी समां बांधी। कलाकारो के गीत तथा भाव मंचन को देख श्रद्धालु उत्साहित दिखे। लोकगायक जगन्नाथ यादव व अमर बेदर्दी, परशुराम क्रोधी, विपिन तिवारी का भी आकर्षक कार्यक्रम दर्शकों को पसन्द आया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, दृगपाल यादव, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, रामकृपाल सरोज, आशीष उपाध्याय, आशुतोष मिश्र आदि रहे।

## बाबा धाम में सुबह होगी सदभावना सभा, सांस्कृतिक संध्या में होंगे रंगारंग कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि को राष्ट्रीय एकता महोत्सव की शुरूआत सुबह की बेला मे परम्परागत सदभावना सभा से होगी। सांस्कृतिक मंच से प्रातः नौ बजे सदभावना सभा मे प्रख्यात भजन एवं लोकगीत गायक एवं श्रीराम द्विवेदी की विशेष प्रस्तुति श्रद्धालुओं मे विशेष आकर्षण होगी। सदभावना सभा मे बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आयेंगे। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना करेंगी। इसके बाद शाम छः बजे से महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ होगा। महाशिवरात्रि की सांस्कृतिक संध्या में मशहूर भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह तथा सिनेस्टार रवि त्रिपाठी का धमाल होगा। इसके बाद शिव महिमा पर आधारित कार्यक्रम एवं हास्य कलाकार अशोक मिश्र व संस्कृति विभाग द्वारा अवधी लोकगायन की भी समां नजर आयेगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक व मेला का होगा आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गुरुवार को परियावां माता मैया मंदिर परिसर मे नव निर्मित शिव लिंग मंदिर मे रामसनेही जायसवाल रिटायर प्रोफ़ेसर के सहयोग से सुधीर जायसवाल के परिजनों व अश्वनी मोदनवाल के सहयोग से ओम नमः शिवाय का जाप वेदो मंत्रोच्चारण के साथ शास्त्री ने शुरु कराया जिसका समापन शुक्रवार को होने के बाद शाम को प्रसाद वितरण किया जायेगा। इसी क्रम मे बाबा गौरी शंकर लिंग मंदिर व दूधाधारी शिव लिंग मंदिर मुरस्सापुर (नवाबगंज) मे शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर ग्राम प्रधान संगीता देबी सुरेश यादव व पूर्व ग्राम प्रधान जीवन लाल यादव के सहयोग से प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी मेले के साथ जलाभिषेक का आयोजन किया गया है। दिन में मनोरंजन के लिए आरकरेस्ट्रा का प्रोग्राम किया गया है। मेले मे आने वाले दुकानदारों जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओ के लिए ग्राम प्रधान पति व समाज सेवी ने पुरी ब्यवस्था कर रखी है ताकि किसी प्रकार की कोइ परेशान न हो सके।

## दो करोड़ की लागत से होगा शिव मंदिर का कायाकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्वनाथगंज विधान सभा के बहुचरा गांव स्थित शिव मंदिर का दो करोड़ 41 लाख रुपये से कायाकल्प होगा। शासन से पहली किस्त जारी हो गई है। समाजसेवी दिनेश सिंह डगैता ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा कार्यदायी संस्था उ. प्र. प्रोजेक्ट कारपोरेशन को मंदिर निर्माण सुन्दरीकरण हेतु प्रथम किस्त निर्गत कर दी गयी है। जल्द ही सौन्दरीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा।

# बिना मुआवजे के जेसीबी से गिराई जा रही बिल्डिगें

## एनएचआई फोर लेन सड़क पर गिराई जा रही इमारतें

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ राज मार्ग को फोर लेन सड़क को एन एच आई के द्वारा चैड़ा करण किया जा रहा है जिसमे ब्राह्मौली बाजिदपुर, परागनगर, हरदेव नगर नवाबगंज व जगरूप नगर मे सड़क चैड़ीकरण को लेकर एक मंजिला व दो मंजिला बिलि्डग के गिराने का काम बड़ी जोर शोर से चल रहा है।

सड़क चैड़ीकरण को लेकर मकान मालिक स्वामियों के मुताबिक जिनके मकान का दाखिल खाऱिज हो चुका उनको मुआवजा नही दिया गया और उनकी बिलि्ंडग गिरा दी गई इसी तरह नवाबगज थाना के सामने मोइन् अहमद के मकान का मुआवजा नही दिया सरकारी कागज मे मकान किसी दूसरे के नाम लिखा पढ़ी है मुआवजा उसको दे दिया गया गुरुवार को जब एन एच आई की टीम मकान गिराने पहुँचे तो मोईन अहमद व घर की महिलाओ ने विरोध किया तो जेसीबी आगे बढ़ गई और टाकीज की बिलि्ंडग को गिरा कर आगे की तरफ बढ़ गई जिनको पुरा मुआवजा मिल गया। वह लोग अपना मकान स्वय गिराकर उसमे का मलवा सरिया हटा ले रहे है। इस चैड़ीकरण मे सबसे ज्यादा उन लोगो का नुकसान हो रहा है जिनकी खुद की जमीन पर या जमीन खरीदकर बड़ी शान शौक़त से बिलि्ंडग बनवाया जो उन्ही की आँखो के सामने खुद की बिलि्ंडग अपने हाथो से गिरवा रहे है कभी सपने मे नही सोचा था कि आज यह दिन भी देखना पड़ेगा

## जाजूपुर गौशाला का ताला तोड़कर इन्वर्टर बैटरी चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाजूपुर के गौवंश आश्रय स्थल सरपटा मे बुधवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने गौशाला में लगे इक्साइड कम्पनी का सोलर इन्वर्टर व दो बैटरी को रात मे गायब कर दिया। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत सचिव प्रभांशु पांडे को अवगत कराया घटना की सूचना मानिकपुर पुलिस को फोन से दी गई, जिस पर मौके पर पहुंची डायल 100 पुलिस ने घटना की बाबत जानकारी लिया और मौके पर मौजूद केयर टेकर का बयान दर्ज किया। उपकरण के चोरी हो जाने से गौशाला में पशुओं को पानी व बिजली की परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। घटना की तहरीर पुलिस को दिया। पुलिस जाँच पड़ताल में लगी हुई है।

# 3700 परीक्षार्थियों ने दी सीबीएसई की हाईस्कूल सोशल साइंस की परीक्षा

### जिले के सात परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड की तरफ से 10वीं सोशल साइंस की परीक्षा जिले के सात परीक्षा केंद्रों न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संगम इंटरनेशनल स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, डॉल्फिन पब्लिक स्कूर्ल, जवाहर नवोदय विद्यालय, पंडित नागेश दत्त पब्लिक स्कूल तथा आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में सुबह 10 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक आयोजित की गई।

जिसमें जिले के लगभग 3700 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर श्री बिपिन कुमार सोनी ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। इस साल सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र के आरम्भ में ही सोशल साइंस का सैंपल पेपर जारी कर दिया था। जिससे छात्रों को बहुत मदद मिली और उन्हें पता चल गया कि हर एक विषय से उनके प्रश्न पत्र में किस प्रकार के प्रश्नों की अपेक्षा की जा सकती है। परीक्षा देकर निकले छात्रों में से कुछ ने पेपर को आसान, कुछ ने मॉडरेट तो कुछ ने ईजी से मॉडरेट लेवल का बताया। सोशल साइंस का पेपर सीबीएसई कुल मिलाकर यह एक स्टैण्डर्ड पेपर था जो एनसीईआरटी के पाठयक्रम पर आधारित था।



न्यू एंजिल्स स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

यह पेपर उन छात्रों के लिए आसान भी था जिन्होंने सीबीएसई के सैंपल पेपर तथा एनसीईआरटी का ठीक से अभ्यास किया था। इस परीक्षा में शामिल होने जा रहे छात्रों को सीबीएसई ने एग्जाम से पहले सैंपल पेपर चेक कर लेने की सलाह दे दी थी। साथ ही मार्किंग सिस्टम का भी ध्यान रखने को कहा था। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा व प्रधानाचार्य वीके सोनी ने बताया कि सोशल साइंस का पेपर कुल 6 सेक्शन में आया था। इसमें कुल 37 सवाल पूछे गए थे।

यह परीक्षा तीन घंटे की हुई। सोशल साइंस पेपर का पहला सेक्शन बहुविकल्पीय सवालों वाला था। इस सेक्शन में कुल 20 सवाल पूछे गए थे। हर सवाल के लिए एक अंक निर्धारित था। ऐसे में यह सेक्शन कुल 20 अंकों के लिए था। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयर पर्सन डॉक्टर शाहिदा ने बताया कि आज की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई, सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 की गणित की परीक्षा 11 मार्च को होगी और कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा 13 मार्च को समाप्त होगी।

## दवा लेने निकला ठेकेदार हुआ लापता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दवा लेने निकला एक ठेकेदार लापता हो गया है। कोहंडौर थाना क्षेत्र के अतरसण्ड निवासी एक ठेकेदार तीन मार्च को घर से निकला था। जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन अनहोनी की आशंका में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने ठेकेदार की तलाश की लेकिन ठेकेदार नहीं मिला, परन्तु उसकी बाइक नर्सिंग होम के पास मिल गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सवारियों से भरा टेम्पो पलटा, अधेड़ घायल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र के बहोरीकपुर गांव के पास सवारियों से भरा आटो सड़क पर पलट गया जिसमें एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन छोड़कर ऑटो चालक फरार हो गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी अस्पताल महेशगंज में कराया जहां पर एक की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। बता दें कि आटो डेरवा से कुण्डा सवारियों को लेकर जा रहा थाा। घायल अधेड़ राजापुर गोसाई पुरवा का निवासी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साईकिल सवार हुआ घायल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल राष्ट्रीय राजमार्ग के थाना नवाबगंज के पूरे बादू का पुरवा निवासी सुंदर लाल यादव पुत्र माता बादल (65) वर्षीय मंगलवार की दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे साईकिल से आलापुर जाने के लिए निकला, जैसे ही राजमार्ग पर पहुंचा कि कुंडा की तरफ आ रही अज्ञात वाहन टक्कर मारती हुई भाग निकली। वाहन की टक्कर से सुंदरलाल गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इम्बुलेंस से सी0एच0सी0 कालाकांकर ले गये, जहां चिकित्सकों ने एस आर एन प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया जंहा परिजन लोग उपचार के लिए साथ में गये।

## धोखाधड़ी के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** क्षेत्र की कानून व्यवस्था चाक चैबंद बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर संग्रामगढ़ पुलिस ने अपराध व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही के मामले मे गुरुवार को थाना संग्रामगढ़ उप निरीक्षक अमित सिंह अपने हमराही के साथ वांछित वारण्टी अभियुक्त के तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना संग्रामगढ़ के मु0अ0सं0 144/22 धारा 120बी, 409 भादवि व 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में वांछित अभियुक्त सोनू कमल उर्फ सतेन्द्र कमल पुत्र राजाराम कमल निवासी ग्राम भरतगढ़ थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके जेल भेजा।

# एनडीए का हिस्सा बन सकती है जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक!

### राजा भैया बीजेपी के सिम्बल पर उतार सकते हैं अपना उम्मीदवार

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** राजा भैया की पार्टी और भाजपा के बढ़ते राजनितिक सम्पर्को से कयासों का दौर जारी है वही राजा भैया और भाजपा का बढ़ता सम्बन्ध जल्दी एक नई इबारत लिखता नजर आ सकता है। जानकार ये कयास लगा रहे हैँ की राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल आने वाले समय मे न सिर्फ एनडीए का हिस्सा हो सकती है बल्कि अपना प्रत्याशी भी भाजपा के सिम्बल से उतार सकती है।

सूत्र की माने तो इस तरह के राजनितिक प्रयोग इस लोकसभा चुनाव मे बड़े पैमाने पर देखे जाएगे जहां वक्षेत्रीय दल भाजपा के सिम्बल पर अपने प्रत्याशी उतारेंगे। संत कबीर नगर मे निशाद पार्टी के युवराज को भाजपा अपने सिम्बल पर चुनाव लड़ाने जा रही है। राजा भैया ने हाल हि मे संपन्न राज्य सभा चुनाव मे अपनी पार्टी के दोनो वोट न सिर्फ भाजपा को दिलाये अपितु सपा के कई क्षत्रिय विधायकों को अपनी अगुवाई मे भाजपा प्रत्याशी के समर्थन मे ले आये और कांटे के संघर्ष मे भाजपा के राज्य सभा के उम्मीदवार को जिताने मे बड़ी भूमिका निभाई। तभी तो भाजपा का आठवा राज्य सभा प्रत्याशी चुनाव जीतने के बाद राजा भैया के आवास पर देखे गये, उन्होंने राजा भैया को उनके योगदान के लिए आभार जताया। राजा भैया के रूप मे भाजपा को एक सशक्त क्षत्रिय नेता यूपी के ठाकुर बाहुल्य सीटों के लिए स्टार प्रचारक के रूप मे मिलेगा और राजा भैया भी क्षत्रिय मतों को भाजपा के खेमे मे ले आने मे बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। भाजपा की पहली सूची मे कौशाम्बी लोकसभा के लिए प्रत्याशी का नाम घोषित नंही किया गया है, वही भाजपा के भीतर मौजूद राजा भैया के शुभ चिंतक भी अपनी पुरी ताकत लगाएंगे की पूर्वांचल के सशक्त हिन्दु राजा की छवि बना चुके राजा भैया को एनडीए का हिस्सा बनाने के लिए हर छंद लगा देंगे। इस तरह से अगर राजा भैया का प्रत्याशी अगर भाजपा के सिम्बल पर लोकसभा का चुनाव नजर आ जाये तो कोई अतिशियोक्ति नही होगी। पूर्वांचल के दूसरे बाहुबली नेता धनंजय सिंह के जेल चले जाने से नाराज क्षत्रिय वोटरों को साधने मे राजा भैया बड़ी भूमिका निभा सकते है। राजनितिक पंडितो का भी ये मानना है की अगर राजा भैया की पार्टी का कोई सदस्य भाजपा के सिबल पर चुनाव लड़ता नजर आये तो कोई बड़ी बात नही होगी। आज भाजपा और राजा दोनों को एक दूसरे की जरूरत है।

## मॉडल प्राइमरी स्कूल में नौनिहालों के हाथ में किताबों की जगह थमाया झाड़ू

### शिक्षकों की मनमानी दर्शाती है प्रशासन की लापरवाही

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शासन के लाख प्रयास के बाद भी परिषदीय स्कूल के गुरु जी सुधरने का नाम ही नही ले रहे है। कभी स्कूल छोड़कर गायब रहना और जब स्कूल गए तो बच्चो पर ही साफ-सफाई की जिम्मेदारी देना इनकी आदत सी बन गई है।जब शिक्षा विभाग के ही लोग नियम व कायदे को दरकिनार कर एक अनपढ़ जैसे व्यवहार करेंगे तो सर्व-शिक्षा अभियान कैसे सफल हो पाएगी।

कुछ ऐसे ही गुरुवार को लालगंज विकास खंड स्थित खजुरी प्राथमिक स्कूल में देखने को मिला, जहां गुरु जी एक बच्ची के हाथ में किताब के स्थान पर झाड़ू को पकड़ा दिया। छोटी बच्ची क्या करे,गुरु जी को नियमों का पाठ भी नही पढ़ा सकती है।वह गुरु जी के आदेश का पालन करते हुए स्कूल में झाड़ू लगाने लगी और बच्ची की उक्त फोटो वायरल हो गई। बच्चें स्कूल शिक्षा के लिए जाते है,लेकिन यहां तो इनका शोषण किया जा रहा है। आखिर अध्यापकों की यही मनमानी ही परिषदीय स्कूल पर संकट बनकर मंडरा रहे है।विभाग क्या गुरु जी की मनमानी पर अंकुश लगा पाएगा या नहीं? कुछ ही अध्यापकों की वजह से ही शिक्षा विभाग को बार-बार शर्मसार होना पड़ता है,लेकिन यह चंद लोग सुधरने का नाम ही नही ले रहे हैं। इस संबंध में एबीएसए से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।

# डा0 रामबोध पाण्डेय को सम्मानित करेगी महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी

### 19 फरवरी को अकादमी द्वारा डा0 पाण्डेय को किया गया था सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रतापगढ़ की माटी की सोंधी सुगंध डा0 रामबोध पांडेय को उनके उत्कृष्टतम साहित्यिक अवदान के लिए महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी, मुंबई ने अकादमी का सर्वोच्च अलंकरण डा0 राममनोहर त्रिपाठी अखिल भारतीय हिंदी सेवा पुरस्कार के लिए चयनित कर समूचे अवध क्षेत्र का सम्मानवर्धन किया है।

ज्ञातव्य है कि अभी पिछले 19 फरवरी को अकादमी द्वारा प्रकाशित उनके महाकाव्य 'छत्रपति शिवाजी महाराज' का विमोचन/लोकार्पण संपन्न करने के साथ उन्हें सम्मानित भी किया गया था। उक्त प्रदान किए जाने वाले पुरस्कार के अंतर्गत महाराष्ट्र अकादमी द्वारा डा0 पांडेय को एक लाख रुपए की राशि एवं स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान पत्र से विभूषित किया जाना है। एक माह के भीतर महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अक्कड़मी द्वारा डा0 रामबोध पांडेय को दो बार लगातार सम्मानित किया जाना हिंदी साहित्य जगत के लिए गौरव की बात है। डा0 रामबोध पांडेय को महाराष्ट्र अकादमी द्वारा सम्मानित किए जाने हेतु चुने जाने पर साहित्यप्रेमियों द्वारा खुशी जाहिर की तथा उन्हें लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। श्याम नारायण मिश्र श्याम, डा0 डी0पी0 ओझा, डा0 दयाराम मौर्य रत्न, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, सुनील कुमार सिंह, राकेश कुमार कनौजिया, अशोक कुमार शर्मा, रोशनलाल उमरवैश्य, अनिल कुमार निलय, श्रीनाथ मौर्य सरस, शारदा संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव तथा राधेश्याम मौर्य समेत अनेक गणमान्य साहित्यिक हस्तियों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### बैंक प्रबंधक के घर के खिड़की की ग्रिल काटकर लाखों की चोरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र के पुरमई सुल्तानपुर में बुधवार की बीती रात अज्ञात चोरो ने बैंक के प्रबंधक संतोष सिंह के घर के पीछे लगी खिड़की की ग्रिल काटकर अंदर घुसकर लाखो के जेवरात नगदी सहित चुरा ले गये गुरुवार की सुबह जब परिजनों की नीद खुलने पर खिड़की पर नजर पड़ी तो हड़कंप मच गया। अंदर आलमारी सन्दुक मे रखे नगदी व कीमती जेवरात गायब देख कर चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर लगभग एक घंटे बाद महेशगंज पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की बाबत जानकारी लिया। पीड़ित संतोष सिंह ने घटना की तहरीर पुलिस को दी तहरीर मिलने पर पुलिस जाँच मे जुटी हुई है।

# इलेक्टोरल बॉन्ड को सार्वजनिक करने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## भारतीय स्टेट बैंक के समक्ष की नारेबाजी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इलेक्टोरल बॉन्ड को सार्वजनिक किए जाने की मांग को लेकर भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के समक्ष कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी करमचंद बिंद मौजूद रहे। संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक को 06 मार्च तक इलेक्टोरल बांड की जानकारी सार्वजनिक करने का आदेश किया था, इसके विपरीत स्टेट बैंक ने मा0 न्यायालय से 30 जून तक का समय मांगा है, और जानकारी सार्वजनिक नहीं की। डॉ0 त्रिपाठी ने कहा कि जानकारी



भारतीय स्टेट बैंक के समक्ष प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

सार्वजनिक करने से स्टेट बैंक टालमटोल क्यों कर रही है, इसका अर्थ यह होता है कि बैंक भी बीजेपी का बचाव कर साजिश कर रही है। प्रदेश सचिव करमचंद बिंद ने कहा कि जानकारी को सार्वजनिक न करके बैंक देश की जनता के साथ धोखा कर रही है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, पीसीसी सदस्य डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, सेवादल जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, राम रतन तिवारी, मो0इश्तियाक, दानिश माबूद, फतेह बहादुर सिंह, राजेन्द्र वर्मा, अभय किशोर तिवारी, मो0 दिलशाद, सुरेश मिश्र, सलमान खान, अवधराज यादव, प्रेमशंकर द्विवेदी, आशुतोष तिवारी, विश्वास सिंह, रामधन यादव, सुधीर तिवारी, सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# दो गांजा तस्करों को कोर्ट ने सुनाई 18-18 साल की सजा

## गाँजा तस्करों पर अदालत ने लगाया एक एक लाख रुपए का अर्थदंड

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में 14 कुंटल गांजा के साथ पकड़े गए दो अभियुक्तों को पुलिस की पैरवी के चलते कोर्ट ने 18-18 साल कारावास की सजा सुनाई है,कोर्ट ने दोनो अभियुक्तों पर एक एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस ने विवेचना कर अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया और अदालत में अभियुक्तों के विरुद्ध बयान दिया बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने दोनों को निर्दोष बताया लेकिन सरकारी वकील ने कड़ी से सजा देने की गुजारिश की दोनों पक्षों की बहस सुनाने के बाद




अदालत ने दोषियों को सजा सुनाई। थाना कड़ाधाम अन्तर्गत लेहदरी पुल पर चेकिंग के दौरान 18 दिसम्बर 2017 को 01 ट्रक में 30 बोरी में 14 कुंतल नाजायज गांजा पुलिस ने बरामद कर थाना पर मु0अ0सं0 734/17 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया जिससे सम्बन्धित 02 अभियुक्तों दिवाकर अवस्थी पुत्र रमाशंकर निवासी मुबारकपुर थाना तालगांव जनपद सीतापुर वर्तमान पता राजाजी पुरम रामजी मैदान के बगल में थाना पारा जनपद लखनऊ वा. रवीन्द्र सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह निवासी पड़मई थाना नरैनी जनपद बांदा को जेल भेजा था। गुरुवार को न्यायालय एडीजे/एफटीसी-2 जनपद कौशाम्बी द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को 18-18 वर्ष कठोर कारावास की सजा तथा एक एक लाख रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया है अर्थ दण्ड न अदा करने पर 02-02 वर्ष की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

## डेढ़ कुंटल गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में गांजे का बड़ा व्यापार फल फूल रहा है गली चौराहे से लेकर बाजार कस्बे तक दुकान खोलकर गांजे की बिक्री हो रही है कभी-कभी पुलिस के हाथ भी गुड वर्क लग जाते हैं इसी गुड वर्क में 06 मार्च को संदीपनघाट थाना पुलिस के हाथ 9 बोरी गांजा लग गया है 9 बोरी में लगभग 150 किलोग्राम गांजा है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमत डेढ़ करोड़ रुपये पुलिस बताने लगी है गांजे के अंतरराष्ट्रीय बाजार से पुलिस का क्या गहरा नाता है जो अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमत पुलिस को पता है जबकि कौशांबी में गाँजा 18 हजार रुपए किलो खुलेआम बिक रहा है पकड़े गए आरोपी महाराष्ट्र के रहने वाले बताए जाते हैं जानकारी के मुताबिक 6 मार्च को संदीपन घाट थाना पुलिस गस्त के दौरान वाहनों की चेकिंग कर रही थी चेकिंग के दौरान कानपुर की तरफ से आते हुए एक ट्रक को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा पुलिस ने पीछा करके इमामगंज के पास




ट्रक को रोक लिया ट्रक की तलाशी ली तो उसमें 9 बोरी गाँजा बरामद हुआ गांजा का वजन डेढ़ सौ किलो बताया जाता है मौके से रूपेश खुमेश बिसेन पुत्र खुमेश बिसेन निवासी गोंदिया महाराष्ट्र और रोशन मुरारी पडुलकर पुत्र मुरारी पडुलकर निवासी गोंदिया महाराष्ट्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 9 बोरी गाँजा के साथ-साथ एक ट्रक तीन एंड्राइड मोबाइल फोन और 4900 नगद पुलिस ने बरामद किया है डेढ़ सौ किलो गांजे की अंतर्राष्ट्रीय कीमत डेढ़ करोड़ रुपये पुलिस बता रही है कौशांबी में पकड़े गए गांजे की कीमत आखिर अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमत थाना पुलिस को कैसे पता है गांजे के व्यवसाय से क्या थाना पुलिस का गहरा नाता है जिससे कौशांबी के साथ-साथ उसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में गाँजा की कीमत भी पता है पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा लिख कर-के पुलिस ने अदालत में पेश किया है।

## न्यूज झरोखा

### जिलाधिकारी ने दिलायी मतदाता शपथ, कुबरी गंगा घाट, कड़ाधाम में आयोजित किया गया मतदाता संकल्प समारोह



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत कुबरी गंगा घाट, कड़ाधाम में आयोजित मतदाता संकल्प समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में जनपद का मतदान 54 प्रतिशत रहा हैं, जबकि प्रदेश का मतदान 59 प्रतिशत रहा हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको शपथ लेना है कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में हम सब अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तथा आस-पास के लोगों एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने जनपद के मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में अवश्य मतदान करने का आवाह्न किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ ह्लहम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेह्व दिलायी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी सिराथू महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव एवं खण्ड विकास अधिकारी सिराथू भावेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### मतदाता जागरूकता चौपाल का किया गया आयोजन

**कौशाम्बी** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में जनपद के अन्तर्गत समस्त मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2019 के निम्न मतदान प्रतिशत वाले बूथ पर मतदेय स्थलवार मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन पं0 रणजीत इंटर कॉलेज शहजादपुर, हनुमान इंटर कॉलेज अझुवा, गॉधी मेमोरियल इंटर कॉलेज दारा नगर, जगत नारायण करवरिया इंटर कॉलेज नारा, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय करारी, कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय मंझनपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय जुगराजपुर व पुरखास, आदर्श इंटर कॉलेज सराय अकिल, नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी, आदर्श ग्राम इंटर कॉलेज चरवा व श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज चायल तथा प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर कसार, उलाचूपुर, कोरियों, गम्भीरा पूरब, अफजलपुर सातों, करारी, जाठी, पूरब शरीरा, बड़हरी, गोपाल मिश्र का पूरा, पट्टी परवेजाबाद, काजू, मुस्तफाबाद, उजिहिनी खालसा एवं दुर्गापुर में किया गया। चौपाल में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक/प्रेरित किया गया।

### अर्धसैनिक बल के साथ सीओ सिराथू व एसओ कोखराज ने कशिया पश्चिम में किया फ्लैग मार्च



**कोखराज कौशाम्बी** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के द्वारा जारी किए गए दिशा निदेशों से आम जनमानस को अवगत कराते हुए सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा व एसओ कोखराज इन्द्र देव,ने अर्धसैनिक बल के साथ क्षेत्र के कशिया पश्चिम ग्राम में पैदल फ्लैग मार्च किया आमजनमानस को अवगत कराते हुए सीओ सिराथू ने क्षेत्र के लोगों को निर्भीक व भय मुक्त हो कर लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष चुनाव में मतदान करने को जागरूक किया फ्लैग मार्च में समस्त पुलिस स्टाप ,अर्धसैनिक बल के जवान मौजूद रहे फ्लैग मार्च में शामिल सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा,एसओ कोखराज व अर्धसैनिक बलों को ग्रामीणों ने माला पहनाकर स्वागत किया मौके पर पूर्व प्रधान शिव बहादुर त्रिपाठी ,वीरेंद्र त्रिपाठी, सुनील साहू,सम्भु मौर्य, रामकिशोर यादव आदि ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ ग्राम सभा में पैदल मार्च में शामिल हुए।

### तीन दिवसीय एसेसमेंट टूल डिजाइन प्रशिक्षण आयोजित



कौशाम्बी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय एसेसमेंट टूल डिजाइन प्रशिक्षण श्रीमती भारती त्रिपाठी उप शिक्षा निदेशक /प्राचार्य के नेतृत्व में दिनांक 05/03/2024 से 07/03/2024 तक आयोजित किया गया। सन्दर्भदाताओ द्वारा ठएढ 2020 के संदर्भ में बाल विकास के विभिन्न पहलू के बारे में नितीश कुमार यादव,आकलन का अर्थ, महत्व, प्रकार के बारे में धीरज कुमार,मूल्यांकन की विशेषताओं, महत्व, चरण के बारे में श्री मनोज कुमार,मूल्यांकन उपकरण के प्रकार एवम् विशेषताए के बारे में डॉ0 विजय यादव, ब्लूम टेक्सनामी गतिविधि पर प्रस्तुतिकरण नितीश कुमार यादव, प्रश्नावली,अनुसूची,प्रश्न के प्रकार, महत्त्व,गतिविधि धीरज कुमार,प्रोजेक्ट, दत्त कार्य एवं गतिविधि मनोज कुमार,अवलोकन, साक्षात्कार सर्वे, एवं केस स्टडी एवम् गतिविधि डॉ0 विजय यादव,एच0पी0सी0 पर धीरज कुमार,व्यक्तित्व,रुचि, बुद्धि, अभिवृत्ति, अभिक्षमता के बारे में मनोज कुमार, चेक लिस्ट, रेटिंग स्केल, एनेकडोटल के बारे में धीरज कुमार,आनलाइन एसेसमेंट टूल्स के विषय में डॉ0 दिनेश कुमार ?यादव ,रुब्रिक, फोर्टफोलियो विषय पर डॉ0 विजय यादव, उपलब्धि परीक्षण के बारे में नितीश कुमार यादव द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया। पश्च आकलन (ढङ्ग२३ ळी२३) के उपरांत श्रीमती भारती त्रिपाठी उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य द्वारा एसेसमेंट टूल डिजाइन प्रशिक्षण के महत्त्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। प्राचार्य डायट कौशाम्बी एवम डॉ0 ए0के0 श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रवक्ता डायट कौशाम्बी के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता नितीश कुमार यादव एवं धीरज कुमार प्रवक्ता डायट कौशाम्बी रहे। इस अवसर पर डॉ0ए0के0 श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रवक्ता डायट कौशाम्बी, सभी प्रवक्ता डायट कौशाम्बी,डायट स्टॉफ सहित सभी प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले का 12 मार्च को आयोजन

**कौशाम्बी** जिला सेवायोजन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान कराने के लिए दिनांक 12 मार्च 2024 को राजकीय आई0टी0आई0, मंझनपुर (पुलिस लाइन के सामने) के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए अवगत कराया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 06 कंपनियॉ प्रतिभाग कर रहीं हैं, इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/रिज्यूम के साथ प्रातः 10 बजे प्रतिभाग कर सकतें हैं।

### पटाखा फैक्ट्री में हुई मौत सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति दें सकता हैं मौखिक लिखित साक्ष्य : एडीएम

**कौशाम्बी** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि दिनांक 25 फरवरी 2024 दिन रविवार को जनपद कौशाम्बी के कस्बा भरवारी के मुहल्ला खलीलाबाद में संचालित पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना के सम्बन्ध में उनकी अध्यक्षता में गठित 04 सदस्यीय समिति द्वारा घटना के कारणों के सम्बन्ध में जॉच की जा रहीं हैं। इस घटना से सम्बन्धित कोई भी व्यक्ति कोई मौखिक लिखित साक्ष्य देना चाहता है तो वह कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष अथवा अपर पुलिस अधीक्षक के कार्यलय में दिनांक 12 मार्च 2024 तक साक्ष्य दें सकता हैं।

## नलकूप बिजली बिल छूट से जनपद के 13607 नलकूप कनेक्शन धारक होंगे लाभान्वित

### मुख्यमंत्री द्वारा उ0प्र0 के किसानों को सिंचाई के लिए नलकूपों के बिजली बिल पर शत-प्रतिशत छूट की व्यवस्था के शुभारम्भ कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण



**कौशाम्बी** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में उ0प्र0 के किसानों को सिंचाई के लिए नलकूपों के बिजली बिल पर शत-प्रतिशत छूट की लागू की गई व्यवस्था का शुभारम्भ किया गया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित किसानों ने मुख्यमंत्री के इस कार्य की सराहना किया तथा मुख्यमंत्री के सम्बोधन को सुना। अधिशासी अभियंता अंकित कुमार ने बताया कि किसानों को सिंचाई के लिए नलकूपों से छूट योजना से जनपद के 13607 नलकूप कनेक्शन धारक लाभन्वित होंगे।इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, अध्यक्ष नगर पंचायत सिराथू भोला यादव, मीडिया प्रभारी भोले शंकर, सदस्य जिला पंचायत अजय सोनी, जिलाध्यक्ष भा0कि0यू0 नूरुल इस्लाम, जिलाध्यक्ष बी0के0यू0 टिकैट चन्दू तिवारी बच्चा लाल सम्पूर्णानन्द आदि गणमान्य तथा अधीक्षण अभियंता प्रमोद अग्निहोत्री, अधिशासी अभियंता अंकित कुमार व राममूरत, समस्त उप खण्ड अधिकारी एवं अवर अभियंता उपस्थित रहें।

## जन शिक्षण संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त के के अमर जिला उद्योग केंद्र एवं जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय से श्रीमती मालती देवी शशि त्रिपाठी विजय तिवारी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्थान निदेशक राजकुमार पांडेय ने सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया तथा श्रीमती पूनम देवी ने सरस्वती वंदना एवं शालिनी देवी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया उक्त कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पीएम विश्वकर्मा में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया तथा सभी अतिथियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी गई तथा महिलाओं का क्या अधिकार है महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा सतीश प्रशिक्षिका रेखा देवी सुनीता देवी स्वाती मिश्रा रूपा कुमारी करिश्मा देवी तथा 70 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया

## न्याय दो न्याय दो : अशीष कुमार मिश्र,पप्पू

### कांग्रेस नेताओं ने धरना प्रदर्शन कर व्यक्त किया विरोध



**कौशाम्बी** चुनावी ब्रांड योजना को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक मानने के बाद चंदा की रकम का खुलासा करने का निर्देश दिया लेकिन चंदे की रकम का राजनीतिक दलों द्वारा खुलासा न किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आशीष कुमार उर्फ पप्पू मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने जनपद मुख्यालय के ओसा स्थित स्टेट बैंक के सामने धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया है कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार से कहा कि जनता को न्याय दो न्याय दो जैसा कि आप जानते हैं कि भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में भाजपा के चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगा दी है माननीय अदालत ने राजनीतिक दलों को इस योजना के तहत प्राप्त चंदे का खुलासा करने का निर्देश दिया है साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी चंदे की पूरी जानकारी 6 मार्च 2024 से पहले सर्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया है चुनाव में काले धन के खिलाफ निर्णायक कदम के तौर पर इस फैसले का पूरे देश में व्यापक स्वागत हुआ है चुनावी बांड योजना के प्राथमिक लाभार्थी होने के नाते सत्तारूढ़ भाजपा को माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद असुविधा का सामना करना पड़ा 2017 में योजना की शुरूआत के बाद से राजनीतिक दलों को सामूहिक रूप से 12000 करोड़ से अधिक प्राप्त हुए जिसमें अकेले भाजपा को 6 करोड़ 56 लाख 611 करोड़ प्राप्त हुए सभी चुनावी बांड का 55% है जिसे स्टेट बैंकों ने खुलासा नहीं किया जिसका सार्वजनिक खुलासा करने के लिए दिनांक 7 मार्च 2024 को भारतीय स्टेट बैंक की शाखा मंडी समिति ओसा पर प्रदर्शन कर विरोध व्यक्त किया इस मौके पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा मोहित चुरवादी,शशि प्रताप त्रिपाठी सचिन शुक्ला नरेंद्र सिंह, गौरव द्विवेदी आबिदा बेगम भीमपाल सीताराम गुप्ता रमेश तिवारी श्याम बाबू राजेश गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## अतीक अहमद के शार्प शूटर अब्दुल कवि के दो भाइयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



### असलहो का जखीरा बरामद होने के मामले में दोनों थे फरार

**कौशाम्बी।** अतीक के शार्प शूटर विधायक राजू पाल की हत्या में नामजद अभियुक्त सराय अकिल थाना क्षेत्र के रहने वाले अब्दुल कवि के दो भाईयो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है बीते दिनों उनके घर से अवैध असलहों का जखीरा बरामद हुआ था पुलिस ने अब्दुल कवि के भाई अब्दुल मुगनी और अब्दुल हई को गिरफ्तार किया है बीते दिनों उमेश पाल हत्याकांड के बाद सर्च आपरेशन के दौरान आरोपियों के घर से असलहों का जखीरा बरामद हुआ था मामले में एक साल से दोनों भाई फरार चल रहे थे।सराय अकिल थाना पुलिस ने अब्दुल कवि के दोनो भाईयो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## दावत खाकर लौट रहे बाइक सवार ट्रक से टकराए एक की मौत एक लहूलुहान

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के भैरव भीटी के पास बाइक सवार ट्रक से टकरा गए हैं हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गयी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक मूल रूप से प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना अंतर्गत अहमदपुर पावन गांव के रहने वाले हैं रोते बिलखते परिजन मंझनपुर पहुंच गए हैंजानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अहमदपुर पवन गांव निवासी सुभाष कुमार पुत्र राम कृपाल अपने साथी अजय कुमार के साथ बाइक से दावत खाने मूरतगंज गए थे बुधवार की रात्रि 11:00 बजे बाइक से दोनों वापस लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार संदीपन घाट थाना क्षेत्र के भैरव भीटी के पास पहुंचे ट्रक से टकरा गए हैं और गंभीर घायल होकर सड़क पर गिर कर तड़पने लगे मामले की सूचना थाना पुलिस को मिली मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज पहुचाया लेकिन मौके पर चिकित्सकों के न होने चलते घायलों को इलाज नहीं मिल सका जिससे अस्पताल कर्मियों ने घायलों को मूरतगंज अस्पताल से जिला अस्पताल भेज दिया खून अधिक बह जाने से तब तक घायल की हालत गंभीर हो चुकी थी जिस पर चिकित्सको ने सुभाष कुमार को



इलाज के लिए रेफर कर दिया परिवार के लोग निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे लेकिन तब तक सुभाष की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और एक बार फिर युवक की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं यदि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में लहूलुहान बाइक सवारों को इलाज मिल जाता तो उनकी मौत ना होती आखिर चिकित्सकों की लापरवाही के बाद होने वाली मौत पर इन चिकित्सकों को जिला अधिकारी क्या दंडित करेंगे या फिर इसी तरह बेवजह निर्दोषों की मौत होती रहेगी।

## विधायक पूजा पाल के भाजपा में शामिल होने की अफवाह के बाद सपाइयों ने किया धरना प्रदर्शन

### बीजेपी में शामिल होने के बाद पूजवा बदल गई गाना के तर्ज पर सपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन

**चायल कौशांबी।** विधायक पूजापाल के समाजवादी पार्टी को त्यागकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद राज्य की राजनीतिक दलों में बड़ा जोरदार झटका मारा है। इस समर्थन से बीजेपी की राजनीतिक आक्रमण और उसकी सत्ता को मजबूती मिल सकती है। यह घटना प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों में बड़ा पलटवार ला सकती है और आगे चुनावी माहौल को प्रभावित कर सकती है। उक्त बातें विधायक के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे सभा नेताओं ने कहीं विधायक पूजा पाल के भाजपा में शामिल होने की अफवाह के बाद समाजवादी पार्टी के लोगआक्रोशित दिखाई पड़े हैं




और धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया है इस दौरान डाक्टर रामकरन निर्मल, अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष अजीत यादव एडवोकेट निरंजन कुमार एडवोकेट विजय कुमार एडवोकेट राकेश दिवाकर विद्या सागर एडवोकेट प्रीतम यादव एडवोकेट देवशरान एडवोकेट युवाजनसभा उधव श्याम यादव लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष मसूद अहमद यूथ ब्रिगेड अरुण चौधरी छात्र सभा जिला अध्यक्ष राजू पटेल पूर्व जिला उपाध्यक्ष खलीक अहमद उर्फ विक्की प्रधान वरिष्ठ नेता फुरकान सिद्दीकी रमेश मौर्य कैलाश सरोज श्रीचंद सरोज जंगली भाई मोहम्मद हमजा हिमांशु यादव आतिश अहमद आदि सैकड़ों सपाई मौजूद रहे।

## घर में घुसे चोर नगदी जेवर सहित उठा ले गए अनाज



**चायल कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव में बीती रात सुशीला देवी के घर चोर घुस गए और उसके घर में सोने चांदी के जेवरात में झुमकी हार पेटी पायल मोबाइल फोन 30 हजार रुपए नगद सहित 10 बोरा सरसों और गेहूं उठा ले गए हैं जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग परेशान हो गए हैं और मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है खबर लिखे जाने तक घटना का खुलासा थाना पुलिस नहीं कर सकी है क्षेत्र में इसके पहले भी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है जिनका खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

## आशा को 18000 और आशा संगनी को 24000 प्रतिमाह दिया जाए वेतन भुगतान

### सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद पर नियमित करने की मांग को लेकर आशा संघ ने किया धरना प्रदर्शन



**कौशांबी** उत्तर प्रदेश आशा संघ के बैनर तले जिले की आशा और आशा संगिनी ने जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विकासखंड कार्यालय परिसर में एकत्रित हुई और धरना प्रदर्शन सभा कर जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है आशा कार्यकत्रियों का कहना है कि सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता पर उन्हें नियमित किया जाए विगत 19 वर्षों से बिना किसी मानदेय के लगातार कार्यों को शासन द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संपादन भी कराया जाता है इसके बदले आशाओं को कोई मानदेय नहीं दिया जाता है उम्र बंधन को हटाया जाए 40 वर्ष से 60 वर्ष उम्र किया जाए धरना प्रदर्शन कर रही आशाओं ने कहा कि गोल्डन कार्ड व प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिलना चाहिए कार्यों को देखते हुए मानदेय नियमित प्रतिमाह होना चाहिए आशा को 18000 रुपए और आशा संगनी को 24000 प्रतिमाह वेतन भुगतान सुनिश्चित किए जाने की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर जनपद मुख्यालय में आशा और आशा संगिनी ने जोरदार प्रदर्शन किया है इस दौरान माया सिंह रहनुमा बानो शबाना रामसवारी तौफीका उषा देवी रेखा देवी देवकली उमा देवी कलावती उमा आशा सोनकर सहित भारी संख्या में आशा और आशा संगिनी मौजूद रही।

## गोवंश लदी कंटेनर को पुलिस ने पकड़ा,गाड़ी चालक गाड़ी छोड़ कर हुआ फरार

### दो दिन पहले ही क्षेत्र के ननमई गांव में गौकशी को लेकर विहिप और बजरंगदल के कार्यकताओं ने कोखराज थाना में किया था प्रदर्शन



**टेडीमोड कौशाम्बी** यूपी की योगी सरकार के सख्त आदेश पर पुलिस द्वारा कार्यवाई किए जाने के बावजूद गोतस्कर लगातार गोवंशों की तस्करी कर रहे है।कोखराज थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस ने गोवंशो को लेकर खड़े एक कंटेनर ट्रक को पकड़ा है,पुलिस ने कंटेनर के अंदर से 30 गोवंश बरामद किए है जबकि ट्रक चालक और क्लीनर ट्रक छोड़कर फरार हो गए है।पुलिस ने गोवांशो को गौशाला भेजकर जांच शुरू कर दी है। कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा गांव के पास हाइवे किनारे खड़े एक कंटेनर ठछ 01अञ्र2144 खड़ा था जिसके अंदर से आवाजे आ रही थी उस कंटेनर को पुलिस ने पकड लिया है चौकी प्रभारी हमराही सिपाही सोनू यादव और पुष्पराज सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर कंटेनर को देखा। उसमें कोई मौजूद नहीं था आसपास पूछने पर पता चला की यह सुबह से ही ऐसे खड़ा हुआ है। कंटेनर को स्टार्ट करने का पुलिस द्वारा प्रयास किया गया लेकिन वह स्टार्ट नही हुआ। जिस पर जेसीबी बुलाकर उसे शहजादपुर स्थित गोशाला के पास पुलिस ले गयी कंटेनर खोलने के पश्चात उसमें लदे 30 गोवंशो को बाहर निकाला गया। पुलिस की सूचना पर पशु विभाग की डाक्टर दीप शिखा भी अपनी टीम के साथ पहुंचकर सभी मवेशियों का चेकअप किया। जिसमें सभी सही सलामत मिले। सभी को फिलहाल वहीं गोशाला में छोड़ दिया गया। पुलिस आगे की कार्यवाही के लिए जांच में जुट गई।ज्ञात हो की अभी दो दिन पहले ही क्षेत्र के ननमई गांव में गौकशी को लेकर विहिप और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने कोखराज थाना में प्रदर्शन किया था। जिस पर बाद में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा कायम किया गया। यह लावरिस कंटेनर उसी ननमई गांव की सीमा से सटा हुआ खड़ा मिला है।

संपादक की कलम से

## लोकतंत्र के शुभ को आहत करने वाले अपराधी नेता

आपराधिक छवि वाले या जघन्य अपराधों में लिप्त लोगों को राजनीति दलों का संरक्षण मिलना भारतीय लोकतंत्र की बड़ी विडम्बना है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को संदेशखाली हिंसा, जमीन घोटाले, स्कूल घोटाले, देह व्यापार के धंधे व यौन उत्पीड़न के आरोप में आखिर सीबीआइ के सुपुर्द कर दिया गया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार लगातार अदालती आदेशों की धज्जियां उडाती रही, ममता ने शाहजहां शेख को सीबीआइ को सुपुर्द करने के मामले में जो गैरजिम्मेदाराना एवं अलोकतांत्रिक रवैया अपनाया वह आश्चर्यजनक और चिंताजनक है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत ऐसे ही अवसरों पर सामने आती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के दुबारा आदेश के बावजूद संदेशखाली मामले के आरोपी को सीबीआइ के सुपुर्द करने में देरी होना न केवल समझ से परे है बल्कि यह लोकतंत्र एवं न्याय व्यवस्था की अवमानना है। इस पूरे प्रकरण से राजनीति समझ में आती है जो एक आरोपी को लेकर हो रही है।

लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और राज्य में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस शेख के मामले को एक राजनैतिक मुद्दा बनाने पर तुले हुए हैं। आज भारत की आजादी का अमृत महोत्सव की परिसम्पन्नता पर एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि शेख पर गंभीर आरोपों के बावजूद ममता सरकार उसे बचाने में लगी रही। शेख अपने इलाके संदेशखाली में महिलाओं का उत्पीड़न करता था और देह व्यापार के धंधे में भी संलग्न था। ये आरोप गंभीर हैं जिनकी गहनता से जांच होनी चाहिए। मगर हो यह रहा है कि राज्य सरकार शेख की रक्षा में नजर आ रही है और भाजपा लगातार आक्रमण कर रही है। विडम्बना यह है कि शाहजहां शेख कोई समाजसेवी न होकर वर्तमान दौर का मुनाफेबाज नेता, व्यभिचारी, हिंसा एवं अराजकता फैलाने का आरोपी है। वैसे तो ममता दीदी की सरकार में कई घोटाले हुए हैं मगर स्कूल घोटाले में शाहजहां शेख का नाम आने पर प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ जब जांच शुरू की तो हंगामा बरपा हो गया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम विगत जनवरी माह के पहले सप्ताह में जब शाहजहां शेख के यहां संदेशखाली पहुंची तो स्थानीय तृणमूल कार्यकताओं ने उस टीम पर हमला बोल दिया। इनमें अधिसंख्य शेख के समर्थक ही थे।

तृणमूल कांग्रेस एवं उनके नेताओं पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल ने जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त बनाने की बात करते हैं, वे हर बार मौका मिलने पर अपने संकल्प एवं बेदाग राजनीति के दावों से पीछे क्यों हट जाते हैं? तृणमूल कांग्रेस में शेख जैसे नेताओं की कमी नहीं हैं। संदेशखाली से महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीनों के कब्जे को लेकर आ रही खबरें डराने वाली हैं। इन खबरों में कितनी सच्चाई है, इसका फैसला तो अदालत ही करेगी। तो फिर आरोपी को बचाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार एड़ी-चोटी का जोर क्यों लगाती रही? यहां सवाल तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का अथवा किसी अन्य दल का नहीं है। सवाल है, महिलाओं की अस्मिता से खेलने के आरोपियों को सजा दिलाने का। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री स्वयं महिला हैं और उन्होंने एक महिला के अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने वाले नेता को क्यों राजनीतिक संरक्षण दिया?आज राजनीति की दशा बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन बड़ा सवाल है कि कब मुक्ति मिलेगी शेख जैसे अपराधी तत्वों से राष्ट्र को? राजनीति में चरित्र-नैतिकता सम्पन्न नेता ही रेस्पेक्टेबल (सम्माननीय) हो और वही एक्सेप्टेबल (स्वीकार्य) हो। राजनीतिक दलों के बीच टकराव समझ में आता है, लेकिन सरकार में बैठे लोगों से उम्मीद की जाती है कि वे कार्यकताओं और अपराधियों के बीच के फासले को समझें। चंद वोटों की खातिर देश के अलग-अलग हिस्सों में अपराधियों को शह देने के नतीजे सामने आते रहे हैं। अपराधी का न कोई धर्म देखा जाना चाहिए और न ही विचारधारा। कानून को अपना काम करने देना चाहिए, तभी लोकतंत्र की सार्थकता है।

यह अजीब स्थिति है कि अक्सर साफ-सुथरी और ईमानदार सरकार देने के दावों के बीच आपराधिक छवि के लोगों को उच्च पद देने या अपने दल का नेता बनाने का सवाल उभर जाता है। सवाल है कि क्या ममता अपने ही दावों को लेकर वास्तव में गंभीर हैं? ऐसे जिम्मेदार राजनेता अपने दावों से पीछे हटेंगे तो राजनीति को कौन नैतिक संरक्षण देगा? हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे स्वस्थ राजनीति मूल्यों को स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे?

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़े कदम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च 1911 से पूरे विश्व में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। वर्ष 2024 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम महिलाओं में निवेश करें प्रगति में तेजी लाएं है। यह विषय लैंगिक समानता हासिल करने और जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भलाई में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

हमारे देश में महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है।

भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिये लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। उससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जायेगी।

हमारे देश में महिलाओं को तो अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदो पर तैनात किया जाने लगा है। जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आये दिन हमें महिलाओं के साथ बलात्कार, दुर्व्यवहार होने की घटनाये सुनने को मिलती रहती है। ऐसी घटनाओं से महिला सशक्तिकरण के अभियान को धक्का लगता हैं।

भारत में 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,45,256 मामले दर्ज किए गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़ों में इसका खुलासा हुआ है। इससे पहले 2021 में 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज किए गए थे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, 2022 में महिला अपराध के सिलसिले में हर घंटे लगभग 51 मामले दर्ज किए गए। आंकड़ों के मुताबिक प्रति एक लाख आबादी पर महिला अपराध की दर 66.4 फीसदी रिकॉर्ड की गई। ऐसे मामलों में आरोप पत्र दायर करने की दर 75.8 फीसदी रही। एनसीआरबी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा 31.4 फीसदी जुर्म पति या उसके रिश्तेदारों की क्रूरता किए जाने के थे। इसके बाद अपहरण के 19.2 फीसदी, शील भंग करने के इरादे से महिलाओं पर हमले के 18.7 फीसदी और दुष्कर्म के 7.1 फीसदी मामले रहे। एनसीआरबी के मुताबिक पिछले साल देश में जितने मामले सामने आए उनमें से 2,23,635 यानी 50 फीसदी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश में 2021 में महिला अपराध के 56,083 और और 2020 में 49,385 मामले दर्ज किए थे। इसके बाद राजस्थान (40,738 और 34,535), महाराष्ट्र (39,526 और 31,954), पश्चिम बंगाल (35,884 और 36,439) और मध्य प्रदेश (30,673 और 25,640) रहे थे।

राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर से पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इसमें 16 हजार से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश राज्य से आए हैं। आंकड़े हैरान कर देने वाली हैं। क्योंकि आयोग में ये शिकायत गरिमा के अधिकार कैटेगरी के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,411 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 1,343, बिहार में 1,312 और मध्य प्रदेश में 1,165 इतने मामले दर्ज किए गए हैं।

2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं।

# डॉ. आंबेडकर एवं आधी आबादी

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

विश्व में स्त्री सशक्तीकरण के लिए खूब बातें हो रही हैं लेकिन स्त्रियों के बीच से उनके अधिकारों के हनन का शोर भी है. भारत में स्त्री-प्रश्न पर दुनिया की अपेक्षा न तो आन्दोलन है, और न ही असंतोष, क्योंकि यहाँ पर स्त्रियों के सशक्तीकरण पर कई स्तर पर ध्यान दिया गया है. डॉ. आंबेडकर की चिंता आधी आबादी को लेकर केवल नहीं थी अपितु उनका तो सम्पूर्ण चिंतन उस विरासत से मुक्ति का था जो व्यक्ति को असमानता में धकेलते हों. श्रम के बराबर हक जहाँ न मिलता हो और घृणा और अस्पृश्यभाव से जिन्हें देखा जाता हो. हमारे देश में डॉ. आंबेडकर ने स्त्रियों के लिए संघर्ष किया. उन्हें सबसे पहले सम्मान के लिए हकदार बताया. गरिमा की रक्षा के लिए उन्होंने आवाज उठाई और निःसंदेह संपत्ति में स्त्रियों के अधिकार की बात बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने ही किया.



बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 3 अक्तूबर, 1954 को एक आकाशवाणी को साक्षात्कार दिया था उसमें उन्होंने दो महत्वपूर्ण बातें कही एक, मेरे जीवन संबंधी दर्शन में आजादी को विशेष स्थान है. दूसरा, मेरे दर्शन में समता का स्थान स्वतंत्राता से ऊंचा है. इस ‘आजादी’ और ‘समता’ के सन्देश को यदि भारतीय मानस या दुनिया की आबादी समझ ले तो इसमें समस्त नारीवादी आन्दोलन और उनकी मांगों का हल है. स्त्रियाँ आजादी चाहती हैं. स्त्रियाँ समानता चाहती हैं. इसके अतिरिक्त उनकी कोई दूसरी मांग है ही नहीं. यदि डॉ. आंबेडकर इन दोनों के लिए भारतीय मानस तैयार करने के हिमायती थे तो यह बात समझने की है कि उनकी स्त्रियों के प्रति क्या इच्छाएं थीं. यद्यपि इसे कहा जाएगा कि यह तो सबके लिए उनकी बात थी लेकिन सबमें स्त्रियाँ भी सम्मिलित हैं, इसे भी कोई नकार नहीं सकता.

उनका मानना था कि किसी भी समाज का मूल्यांकन इस बात से किया जाता है कि उसमें महिलाओं की क्या स्थिति है? महिलाएं सुरक्षित हैं कि नहीं एवं उन्हें उनकी गरिमा के साथ जीने का सुअवसर उपलब्ध है कि नहीं? दुनिया की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए जब तक उनका समुचित विकास नहीं होता कोई भी देश विकास संभव ही नहीं. उन्होंने इसीलिए भारत में महिलाओं की स्थिति को देखते हुए डॉ बाबा साहेब आंबेडकर ने महिलाओं के विकास, उन्नति एवं उनके पूरे अधिकारों व गरिमा को दिलाने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए सन् 1951 में ‘हिंदू कोड बिल’ संसद में पेश किया. इस कोड बिल में स्त्रियों के लिए विशिष्ट अधिकार, हिंदू कानून के अनुसार विवाहित व्यक्ति के लिए एकाधिक पत्नी अर्थात बहुविवाह प्रतिबंध, अविवाहित कन्याओं और विधवाओं को बिना कोई शर्त के पिता या पति के सम्पति पर उत्तराधिकार और अंतरजातीय विवाह को मान्यता का प्रावधान था. इसमें अंतर्निहित बाबासाहेब के विचार केवल नहीं थे अपितु उनकी वे संवेदनाएं थीं जिनसे स्त्रियाँ सुरक्षित रहकर अपने जीवन में अवसाद में न जाएँ. उन्हें पूर्णतया आत्मबोध और सुरक्षाबोध भी हो. इस बिल को 1951 में अंबेडकर ने संसद में पेश किया था लेकिन भारत का दुर्भाग्य था कि संसद के अंदर और बाहर इसका जमकर विरोध हुआ. बाबासाहेब क्षुब्ध होकर कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिए और उनकी जो इच्छा थी उसे हतोत्साहित कर दिया गया. यद्यपि बाद में कुछ संशोधनों के साथ हिंदू विवाह अधिनियम भारत की संसद द्वारा सन 1955 में पारित कर दिया गया जिसके तहत तीन महत्वपूर्ण कानून बने- हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (1955), हिंदू अल्पसंख्यक तथा अभिभावक अधिनियम (1956) और हिंदू एडॉप्शन और भरणपोषण अधिनियम (1956). ये अधिकार न केवल भारत की उन तबके को सशक्त करते हैं अपितु हमारी सभ्यता में विद्यमान अतिक्रमित लोगों के संबल भी बनते हैं.

आज युद्ध क्षेत्र में स्त्रियों को वस्तु के रूप में देखा जा रहा है या अफगान स्त्रियों के भीतर व्यापक रोष है. उनका अपने स्थानीय प्रशासन से, तो कहीं न कहीं उनकी आजादी छिन गयी है. उन्हें समान दर्जा पुरुष प्रधान-समाज द्वारा नहीं दिया जा रहा है. अब यदि पूरी दुनिया का विश्लेषण करें तो स्टेट के बारे में ही एक राय यह बन रही है कि स्टेट्स खुद पितृसत्ता के ही बिम्ब हैं. वे पितृसत्ता सा व्यव्हार करते हैं और स्त्रियाँ उनके द्वारा अतिक्रमण का शिकार बनती हैं. पहले तो समाज में पितृसत्ता एक व्यवस्था के साथ अपना स्त्रियों के अधिकारों के लिए स्त्रियाँ लड़ने हेतु मजबूर करती थी लेकिन यदि स्टेट्स के ही चरित्र पितृसत्ताक हो जाएंगे तो फिर आधी आबादी की लड़ाई निश्चित रूप से दुरूह हो जाएगी. अफगान, ईरान और विकसित देशों में भी स्त्रियों के जो हालात हैं, वे ठीक नहीं हैं. कठिनाइयाँ कम नहीं हो रही हैं. भारत में बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर का कहना था कि सामाजिक जीवन के त्रिगुण सिद्धांतों को समाप्त कर हिन्दू समाज में क्रांति ला सके ऐसा मेरा दर्शन क्रांतिकारी है. इसी कारण मैं इतना आक्रामक हूं और मेरे कई दुश्मन है. लेकिन मुझे ऐसे दुश्मन पसंद हैं. क्योंकि, मुझे पता है कि वे मेरी बातें ध्यान से सुनते हैं. मेरा दर्शन केवल मेरे लिए नहीं है, वह सबके लिए है. अलग शब्दों में कहूं तो मेरे दर्शन का खास उद्देश्य है. मैं लोगों की राय बदलना चाहता हूं. उनके दर्शन में उनके जीवन का सार है.

आज बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल भारत में नहीं अपितु दुनिया में गैर-बराबरी को खत्म करने के लिए मुखर रूप से अपनी अनुपस्थिति में भी उपस्थित हैं. उनकी सोच जिंदा है. वे अपने विचारों से अभी भी बराबरी के लिए भरपूर वकालत कर रहे हैं. उसमें सभी लोगों के लिए एक आवाज है. उसमें एक व्यापक बदलाव भी है. यह बदलाव विश्व की तस्वीर चेंज करने में सक्षम है. यह संयुक्त राष्ट्र ने भी समझ लिया है. संयुक्त राष्ट्र ने गांधी के अहिंसा सन्देश को जिस प्रकार फैअलाया है. बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को भी अब वह पकड़ लिया है और इक्वैलिटी की जितनी पुरजोर कोशिश हो सकती है वह फैलाने की कोशिश कर रहा है और उसने यह साफ-साफ कह दिया है कि सामाजिक न्याय के लिए इक्वैलिटी जरूरी है और इसके प्रेरणा स्त्रोत बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर हैं. दुनिया में देखा जाए तो स्त्रियाँ भी इक्वैलिटी की लड़ाई लड़ रही हैं. स्त्रियों के साथ दुनिया को सामाजिक न्याय इसी इक्वैलिटी के माध्यम से मिलने वाली है. संयुक्त राष्ट्र यह चाहता है कि डॉ. आंबेडकर के विचारों को फैलाया जाए. इनके विचारों में दम है. इनसे विश्व में सामाजिक न्याय की मुहिम तेज की जा सकती है. आधी आबादी का संकट बाबासाहेब के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है. बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने जीते जी जो कोशिश की है, वह सोच में कैसे विकसित हो सकती है, इसे ध्यान देने की आवश्यकता है.

भारत में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के तीर्थों में बाबासाहेब के जो विचार हैं उसे आमजन तक ले जाना है. यह विचार स्त्रियों को सशक्त बनायेंगे. यह विचार समाज को सशक्त बनायेंगे और सौहार्द भी विकसित करेंगे. भारत में नरेंद्र मोदी सरकार बाबासाहेब के विचारों को लेकर काफी काम कर रही है और आधी आबादी के विकास में यदि डॉ. आंबेडकर की मंशा को मूर्त रूप दिया जाएगा तो इससे भारत के स्त्रियाँ, हाशिये के समाज और अपने हक स्व वंचित लोगों की गरिमा सुरक्षित व संरक्षित होगी. निःसंदेह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हमें बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों की ओर खींच रहा है और यदि देश में उनके विचारों को लागू भरपूर कर दिया जाएगा तो हमारी निष्ठा उन लोगों के प्रति दिखेगी भी और फलीभूत भी होगी.

.

**लेखक भारत गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति जी के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं। आप केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर, अहिंसा आयोग व अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं।**

## नवाचारों का बीज रोपती आधी आबादी

**अरविंद जयतिलक**

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। दुनिया की सभी महिलाओं को आसमान भर बधाई और मंगल शुभकामनाएं। सिर्फ इसलिए नहीं कि आज उनका दिन है। इसलिए भी नहीं कि वे सृष्टि की निरंतरता की अनवरत व आधारभूत परमतत्व हैं। इसलिए भी नहीं कि उनके आंचल में दूध और आंखों में पानी है। इसलिए भी नहीं कि वे हौसलों की उड़ान से जहान भर की बुलंदियों से खेल रही हैं। हां, उन्हें बधाई और मंगल शुभकामनाएं इसलिए है कि वे सदियों से गढ़ी-बुनी वर्जनाओं की खोल को धूल-धुसरित एक नए मूल्य और प्रतिमान को गढ़ रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि योनि के कठघरे की परिधि से निकल अपने हक-हकूक की प्रस्तावना का इंकलाब कर रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि हजारों साल से गढ़े-बुने गए समाज के एकध्रुवीय स्वरुप, चरित्र एवं चिंतन की दायरे का विस्तार कर रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि वे स्वयं के मापने व परखने के पूर्वाग्रही सांचे व सोच को चकनाचूर कर पुरुषवादी कवच का विन्यास कर रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए कि वे असमानता और अन्याय के खिलाफ तनकर खड़ा होने के नवाचारों का बीज रोप रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए कि वे स्वयं के इतिहासपरक मूल्यांकन को रद्द कर नई व्याख्या को आयाम दे रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि उनकी नई सोच और जीवन-मूल्य को अब समाज आत्मसात कर रहा है। बदलाव के गुणसूत्र को मान्यता दे रहा है। बदलाव की इस सहज प्रतिध्वनि से असमानता की लौह-बेड़ियां स्वतः पिघल रही हैं। नतीजा सामने हैं। कल तक हम लैंगिक असमानता, हिस्सेदारी व भागीदारी को लेकर चिंतित थे। लेकिन आज बदलाव को चक्र घुमता साफ दिख रहा है। लैंगिक असमानता में तेजी से कमी आने लगी है। अभी गत वर्ष पहले ही राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण के आंकड़ों से खुलासा हुआ कि महिला स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार हुआ है। महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा की वारदातों में कमी आयी है। वैवाहिक हिंसा पिछले एक दशक में 37.2 फीसदी से घटकर 28.8 फीसदी रह गयी है। सर्वोच्च अदालत ने बेटियों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने की मंजूरी दे दी है। सरकार भी तैयार है। लेकिन मौजू सवाल यह है कि क्या समानता के मीनार पर आधी-आबादी विराजमान हो गयी है? बिल्कुल नहीं। देखा जाए तो अभी भी राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में आधी-आबादी की मौजूदगी कम है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वे (एआईएसएचई) की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में बेटियों का नामांकन शैक्षणिक पाठ्क्रमों की तुलना में कम है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी सर्वे रिपोर्ट 2019-20 के मुताबिक छात्राओं की मौजूदगी राष्ट्रीय महत्व




के संस्थानों में सबसे कम 24.7 फीसद, सरकारी डीम्ड विश्वविद्यालयों में 33.4 फीसद और राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों में 34.7 फीसद है। वहीं राज्य विधान अधिनियम के तहत आने वाले संस्थानों में छात्राओं की भागीदारी 61.2 फीसद, राज्य की सरकारी विश्वविद्यालयों में 50.1 फीसद और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 48.1 फीसद रही है। गौर करें तो यह आंकड़ा छात्रों के मुकाबले कम है जो एक किस्म से लैंगिक भेदभाव की दीवार को मजबूत करता है। आर्थिक उपक्रमों में भागीदारी की बात करें तो देश के सिर्फ 13.8 प्रतिशत कंपनी बोर्ड में महिला प्रतिनिधित्व है। इसी तरह केवल 14 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्वकर्ता की भूमिका में हैं। श्रम के क्षेत्र में नजर दौड़ाएं तो यहां भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रतिनिधित्व दयनीय है। प्रशासनिक नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी के आंकड़े बताते हैं कि आईएएस में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 20 फीसद से कम है जबकि बैंकों में 22 प्रतिशत के आसपास है। नौकरियों के मामले में विश्व बैंक अपनी रिपोर्ट में पहले ही कह चुका है कि दुनिया भर के कई देशों में महिलाओं की आर्थिक उन्नति में कानूनी बाधाएं हैं। इस कारण महिलाओं को नौकरियां छोड़नी पड़ती है और अपने खर्च को सीमित करना पड़ता है। अच्छी बात है कि भारत में इस तरह का भेदभावकारी कानून नहीं है। लेकिन सच यह भी है कि भारतीय समाज पूरी तरह से दकियानूसी विचारों से उबरा भी नहीं है। महिलाओं को आज भी नौकरी के मामले में अपने परिवारिजनों से इजाजत लेनी पड़ती है। फिलहाल सरकार और स्वयंसेवी संगठनों के प्रयास से देश में महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरुकता बढ़ी है और जीवन के कई क्षेत्रों में महिलाएं परचम लहरा रही हैं। गौर करें तो इसका श्रेय भारतीय संविधान और सर्वोच्च अदालत को जाता है जहां भारतीय संविधान स्त्री-पुरुष दोनों को समान अधिकार प्रदान करता है। सर्वोच्च अदालत संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करता है। भारतीय संविधान में शिक्षा, सेवा, राजनीति इत्यादि सभी क्षेत्रों में पुरुषों व महिलाओं को बराबर के अधिकार दिए हैं। भारतीय संविधान में लैंगिक असमानता को मिटाने यानी समानता को बल प्रदान करने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। संविधान में स्पष्ट कहा गया है कि धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर महिलाओं से भेदभाव नहीं किया जा सकता। दो राय नहीं कि इन संवैधानिक प्रावधानों और गत वर्षों में हुए सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरुप भारत में लैंगिक विभेद में कमी आयी है। उसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उदाहरण के तौर पर देश के विभिन्न राज्यो की पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण प्रदान किया गया है। इस पहल से पंचायतों में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ी है। हाल ही में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में संपन्न हुए पंचायत चुनाव में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं पंच परमेश्वर चुनी गयी हैं। 53.7 फीसदी पंचायतों में सत्ता अब महिलाओं के हाथों में है। राज्य में ग्राम प्रधान के 58,176 पदों पर चुनाव हुए जिसमें 31,212 पदों पर महिलाओं ने जीत हासिल की। कुछ ऐसा ही आंकड़ा देश के अन्य राज्यों में भी है जहां महिलाओं की भागीदारी और प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। लेकिन यहां ध्यान रखना होगा कि संख्या के लिहाज से भले ही यह आंकड़ा प्रतिनिधित्व को मजबूती देता हो पर एक सच यह भी है कि नेतृत्व की बागडोर अभी भी पुरुष अभिभावकों के ही हाथों में ही है। बात चाहे गांव, ब्लॉक या तहसील की हो अथवा जिला स्तर की सभी आवश्यक स्थानों पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के पति या अभिभावक ही उनके दायित्वों का निर्वहन करते देखे जा रहे हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। इससे निर्वाचित महिला सरपंचों की भूमिका महज एक रबर स्टैंप बनकर रह गयी है। यह हस्तक्षेप पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को सीमित करने के साथ ही पंचायती राज के पावन उद्देश्यों को नष्ट करता है। एक अरसे से संसद में महिला आरक्षण को लेकर बहस जारी है। लेकिन विडंबना है कि अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका है। नतीजा संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी कम है। लोकसभा में कुल महिला सदस्यों की संख्या तकरीबन 79 है जो कुल सदस्यों के 15 फीसदी के आसपास है। इसी तरह राज्यसभा में महिलाओं की संख्या तकरीबन 25 है यानी 10 फीसदी है। अच्छी बात यह है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में हुए विस्तार के बाद अब मंत्रिमंडल में कुल महिला मंत्रियों की संख्या तकरीबन एक दर्जन तक पहुंच गयी है।

लेकिन विचार करें तो यह अभी भी पुरुषों के मुकाबले कम है। गत वर्ष प्रकाशित डब्ल्यूईएफ (वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम) ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2020 के अनुसार भारत राजनीतिक सशक्तिकरण के मामले में 18 वें स्थान पर है। आर्थिक भागीदारी और अवसर में 149 वें, शिक्षा प्राप्ति में 112 वें, स्वास्थ्य और उत्तरजीविता में 150 वें तथा समग्र सूचकांक में 108 वें स्थान पर है। मंत्रालयिक पदों पर 30 फीसदी महिलाओं के साथ भारत की रैंकिंग 69 वीं है और संसद में महिलाओं के मामले में 17 फीसदी के साथ 122 वीं है।

## और अब केंचुए की हास्यास्पद हिदायत

@ राकेश अचल

केंचुआ कोई बुरा शब्द नहीं है। केंचुए को रामचारित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने 'भूमिनाग' कहा है। केंचुआ आखिर केंचुआ है। न भूमि से ऊपर खड़ा हो सकता है और न ईश्वर ने उसे फुफकारने के लिए कोई फन दिया है। हाँ केंचुए को अजर-अमर जरूर बनाया है। उसके खंड-खंड कर दीजिये फिर भी मरता नहीं है केंचुआ। कुछ लोग उसे बेशर्म भी कहते हैं। केंचुआ की विशेषता ये है कि यदि वो सक्रिय हो तो किसी भी भूमि को उर्वर बना सकता है। भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था में भी चुनाव करने के लिए जिस मशीनरी को सृजित किया गया है उसे भी केंचुआ कहा जाता है। केंचुआ अर्थात केंद्रीय चुनाव आयोग। इसके पास भी अपना कोई फन नहीं, विष नहीं, नख नहीं, दन्त नहीं। ऐसे में जब कभी ये फुफकारने की कोशिश करता है तो बरबस हंसीं आ ही जाती है।

सत्ता के इशारे पर नाचने के लिए अभिशप्त ये केंचुआ अचानक जब भाषा विज्ञानी बन जाये तो हैरानी होती है। इसी निरीह केंचुए ने हाल ही में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को माननीय प्रधानमंत्री जी के बारे में सोच, समझकर बोलने की हिदायत दी तो हंसी आना स्वाभाविक है। केंचुए को भाषा विज्ञान की समझ कब से आ गयी ये शोध का विषय है। यदि केंचुए को भाषा विज्ञान की समझ सचमुच आ जाये तो भारतीय चुनाव तंत्र में होने वाली बकवास पर लगाम लग सकती है, लेकिन ऐसा हो नहीं सकत। ऐसा हो भी नहीं रहा। केंचुआ ने तो राहुल को जो हिदायत दी है वो अपने आकाओं के इशारे पर दी है। अन्यथा 'बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद ?' यानि केंचुए का भाषा से क्या लेना -देना?

मजेदार बात ये है कि केंचुए ने राहुल गांधी को सोच, समझकर बोलने की हिदायत [सरकारी भाषा में ' एडवाइजरी ] उस भाजपा की शिकायत के बाद भेजी है जो खुद भाषा के परखच्चे उड़ने में सिद्धहस्त है। भाजपा नेताओं के शब्दकोश में ऐसे -ऐसे खतरनाक शब्द हैं कि आप कल्पना नहीं कर सकते, लेकिन न कांग्रेस भाजपा की तरह केंचुए के पास शिकायतें लेकर जाती है और न केंचुआ भाजपा नेताओं को हिदायत देने की जहमत उठाती है। उठाये भी क्यों ? कोई पालतू अपने ही स्वामी को आँख दिखाता है क्या ? उसे तो अपने स्वामी के इशारों पर नृत्य करना पड़ता है। दुम हिलानी पड़ती है। चरण -चुंबन करना पड़ता है। क्योंकि जो नियोक्ता है वो ही केंचुए के लिए सब कुछ है। केंचुआ यानि भूमिनाग सचमुच का नाग जब-तब बनता है। और जब बनता है तो टी एन शेषन हो जाता है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी द्वारा पिछले दिनों माननीय प्रधानमंत्री मोदी के लिए 'पनौती' और ‘जेबकतरा’ जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने को लेकर ये एडवाइजरी जारी की है। इसको लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग को शिकायत भेजी थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए 23 नवंबर 2023 को आयोग ने राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस पर राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस पर राहुल गांधी के जवाब के बाद ये एडवाइजरी जारी की गई है। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री पर की गई बयानबाजी पर दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश और राहुल के जवाब सहित सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद राहुल को भविष्य में अधिक सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी है।

'एडवाइजरी ' में चेतावनी शालीन शब्दों में दी जाती है। केंचुआ ने भी यही किया। राहुल को धमकाया नहीं। धमकाया जाना भी नहीं चाहिए। हम तो चाहते हैं केंचुआ एक बार फिर से भूमिनाग की जगह असली का नाग बने और टीएन शेषन की तरह बद्जुबानों की लगाम कसे। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा। जिसके, जो मुंह में आ रहा है सो बोले जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी जाकर मंदिर-मंदिर खेल रहा है और अब तो माँ हो चाहे दादा सबको ताकत दे रहा है। लेकिन केंचुए को ये सब नहीं दिखाई दे रहा। भारतीय चुनाव प्रणाली में शुचिता लाने के लिए बदजुबानी के साथ ही गलत बयानी, गलत विज्ञापनबाजी, जुमलेबाजी, गलत गारंटी पर भी एडवाइजरी जारी करना चाहिए। दुर्भाग्य ये है कि आज की स्थिति में कोई भी राजनीतिक दल या नेता केंचुआ से डरता नहीं है, क्योंकि केंचुआ की ताकत का पता सबको है। केंचुआ ज्यादा से ज्यादा जो करता है वो किसी नेता को चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है, लेकिन केंचुआ के ऊपर भी अदालतें है। जो नीर-क्षीर विवेक से आज भी काम करती हैं। लेकिन मामला अदालतों तक जाने तक देर हो जाती है। लेकिन ये न्याय 'का वर्षा जब कृषि सुखानी' जैसा होता है।

# आयोजकों मंशा ठीक थी, दलालों की भेंट चढ गया ब्राम्हण सम्मेलन, सम्मेलन में नहीं जुटे अपेक्षित ब्राम्हण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अखिल भारत ब्राम्हण महा सम्मेलन अव्यवस्थाओं व दलालों की भेंट चढ गया। आज हुए सम्मेलन में बमुश्किल एक सैकडा लोग जुटे। ब्राम्हण समाज के लोग खुद कहते नजर आये कि सम्मेलन फ्लाप रहा। जिस उद्देश्य से सम्मेलन हुआ था, उद्देश्य की प्रतिपूर्ति नहीं हो सकी। गुरुवार को सीतापुर स्थित आनन्द रिजार्ट में अखिल भारत ब्राम्हण महासम्मेलन की आयोजक/ब्राम्हण महासभा के महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अर्चना उपाध्याय व पति नितिन उपाध्याय की मंशा तो सही थी, लेकिन वे बाहरी होने के नाते सम्मेलन को परवान नहीं चढा सके। सम्मेलन का उद्देश्य समाज के उत्पीडन, उपेक्षा व तिरस्कार पर बहस का था- सभी



सम्मेलन बाद अतिथियों को गमला देते आयोजक।

वक्ता विषय से भटके नजर आये। सम्मेलन में नारेबाजी होती रही- ब्राम्हण बोला है, सिंहासन डोला है- महज नारेबाजी तक सिमट गया। कुछ वक्ताओं ने पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र के भाजपा से टिकट की वकालत की।

कुल मिलाकर ब्राम्हण महासम्मेलन कुछ आयोजकों की भूल से दलालों की भेंट चढ गया। सम्मेलन में दलालों ने अपनी खूब रोटी सेंकी। सम्मेलन मंशा व उद्देश्यों से भटका नजर आया। सम्मेलन में ज्यादातर कुर्सियां खाली दिखीं। सम्मेलन में बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के लोग कम ही दिखे, मप्र क्षेत्र के लोग ज्यादा नजर आये। यहां तक कि सम्मेलन में आये ब्राम्हणों ने भी कहा कि सम्मेलन में स्थानीय लोगों ने शिरकत नहीं की।

ब्राम्हण महासम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्रनाथ त्रिपाठी ने कहा कि ब्राम्हण समाज को राजनैतिक दल ठगना बन्द कर दे। समाज हितों में जो दल काम करेगा, ब्राम्हण उसका साथ देगा। 14 दिसम्बर लखनऊ में हुए सम्मेलन के बाद प्रदेश के सभी 18 मंडलों में सम्मेलन हुए हैं। 14 से 20 मार्च के बीच समाज के सभी संगठनों की दिल्ली में बैठक में मंथन होगा। पूरे देश में 17 फीसदी ब्राम्हण हैं। हर बूथ पर भारी दिखते हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि समाज में भागीदारी को सबको एक साथ खडे रहना होगा, तभी समाज के गरीब-शोषित को न्याय मिलेगा।

# साइबर सेल टीम ने व्यापारी के चार लाख वापस कराये

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बढ़ते साइबर अपराध रोकने व जनता को राहत दिलाने की गरज से जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ कार्यालय राजकमल की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी/निरीक्षक निशिकान्त राय की टीम ने सात दिन के भीतर साइबर पीड़ित बहिलपुरवा थाने के अरुण कुमार गुप्ता के खाते में चार लाख रुपये वापस कराये हैं।

ज्ञात है कि 29 फरवरी को बहिलपुरवा थाने के अरुण कुमार गुप्ता ने पुलिस कार्यालय स्थित साइबर सेल में शिकायत की थी कि व्यापार के नाम पर चार लाख रुपये की धोखाधड़ी की गयी है।



एसपी को धन्यवाद देते व्यापारी।

साइबर सेल प्रभारी निशिकान्त राय ने साइबर सेल में तैनात सिपाही प्रशांत कुमार, सर्वेश कुमार को कार्यवाही के निर्देश दिये। सिपाही प्रशांत कुमार व सर्वेश कुमार ने आवेदक से पूरी जानकारी लेकर उसके खाते में चार लाख रुपये वापस कराये। साइबर अपराध पीड़ित ने रुपये मिलने पर पुलिस अधीक्षक व साइबर सेल की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। किसी भी प्रकार के साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नं 1930 में कॉल करें।

# लोस चुनाव को डीएम ने कसी कमर, दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव में देखरेख तंत्र के तहत बीडीओ निगरानी/अवलोकन/लेखा टीमों व सहायक व्यय प्रेक्षक की भूमिका बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि व्यय अनुवीक्षण तंत्र की संरचना में व्यय प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक, बीडीओ निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष, कॉल सेंटर, मीडिया प्रमाण, अनुवीक्षण समिति, उड़न दस्ते, स्थैतिक निगरानी टीम, व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ सील आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई।



डीएम अभिषेक आनन्द।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिसूचना जारी होने के साथ कार्य शुरु हो जाएगा। जो कार्य दिये गये हैं, उन्हें करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार पारदर्शिता से कार्य करेंगे। सहायक व्यय प्रेक्षक की अहम भूमिका होती है। स्टेटिक टीम का चेक पोस्ट भी बनेगा। स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि ऑब्जर्वर के आने पर उन्हें लेखा दिखाया जाएगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी/ नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अन्वेषण तंत्र रमेश सिंह ने निर्वाचन आयोग से जारी दिशा-निर्देशों को पेश किया।

इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा, सहायक कोषाधिकारी अवधेश सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मतदान का दबाव बनाने पर पुलिस करेगी कार्यवाही

**चित्रकूट।** आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण व भयमुक्त सम्पन्न कराने को पहाड़ी पुलिस ने थाना क्षेत्र में एसएसबी फोर्स के जवानों के साथ क्षेत्र भ्रमण किया।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण व भयमुक्त सम्पन्न कराने को प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल व पुलिस बल ने एसएसबी फोर्स के जवानों के साथ पहाड़ी क्षेत्र के कस्बा पहाड़ी समेत हर्रा, कुचारम, देवल, ओरा, सकरौली, कौहारी, साईंपुर, गढ़ीघाट, कादरगंज, बारामाफी, मकरी, परसौंजा व अशोह के मतदान केन्द्रों में क्षेत्र भ्रमण कर आम जनता को निर्भीक होकर मतदान करने के प्रति आश्वस्त किया। पुलिस बल ने लोगों से कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें। किसी के भय, लालच व प्रलोभन में आकर मतदान न करें।

# बर्दाश्त नहीं होगा पत्रकार उत्पीड़नः अनिल देवरवा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन व पत्रकार सम्मान समारोह में प्रदेश के तमाम पत्रकारों ने हिस्सा लिया।

गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा समेत पत्रकारों ने दीप जलाकर मां मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। चित्रकूट टीम को अंगवस्त्र-पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह शील्ड भेंटकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद इकाई चित्रकूट टीम जिलाध्यक्ष अनिल कुमार त्रिपाठी देवरवा, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश निषाद, जिला महासचिव रामेंद्र सिंह, जिला संगठन मंत्री अर्जुन कश्यप, जिला सचिव हिमांशु राजपूत को राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र



सम्मानित होते चित्रकूट इकाई के पत्रकार।

कुमार मिश्रा व महापौर सुषमा खर्कवाल ने अंगवस्त्र-पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह शील्ड भेंटकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद इकाई चित्रकूट के जिलाध्यक्ष अनिल देवरवा ने कहा कि सम्मान का श्रेय पूरी चित्रकूट टीम के पत्रकार साथियों को है। टीम के पत्रकार साथी सम्मान के हकदार है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी व राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया। देवेंद्र मिश्रा के प्रति अनिल देवरवा ने आभार जताते हुए कहा कि छोटे पत्रकार को मंच में साझा किया।

# मारपीट में दोषसिद्ध तीन को हुई सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र कुमार सिंह व पैरोकार प्रशांत कुमार की पैरवी से न्यायालय ने मारपीट के दो आरोपियों को दोषसिद्ध होने पर एक-एक हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया है। गुरुवार को अभियोजन अधिकारी श्रीकान्त यादव की प्रभावी बहस के चलते विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट दीपनारायण तिवारी ने कोतवाली कर्वी में दर्ज मारपीट के मामले में छोटू उर्फ नागेन्द्र पुत्र रामलाल व कलावती पत्नी रामलाल निवासी तरौंहा को एक-एक हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल व पैरोकार अशोक कुमार यादव की पैरवी व अभियोजन अधिकारी श्रीकान्त यादव की प्रभावी बहस से विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट दीपनारायण तिवारी ने पहाड़ी थाने में दर्ज मारपीट के मामले में वीरेन्द्र कुमार पुत्र हरीश्चन्द्र यादव निवासी नहरा को तीन हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया।

# सीएम ने नलकूपों के विद्युत बिल माफ करने की दी सौगातः सांसद आरके सिंह

## एक अप्रैल 2023 से माफ होंगे बिल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल ने भजन-संध्या स्थल सीतापुर में सूबे के मुख्यमंत्री के नलकूप उपभोक्ता कृषकों को मुफ्त विद्युत आपूर्ति देने के एलसीडी से सीधे प्रसारण पर कहा कि सूबे के किसानों को मुख्यमंत्री ने बड़ी सौगात दी है। निजी नलकूपों के बिजली बिल एक अप्रैल 2023 से माफ हो गये हैं। अब किसी भी किसान को कोई विद्युत बिल नहीं देना होगा।



विद्युत बिल माफ करने की सभा में बोलते सांसद।

गुरुवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि जिले के निजी नलकूप उपभोक्ता 10895 लाभान्वित हुए। औसत मासिक बिल साढ़े सात हॉर्स पावर के 1360 रुपये आते थे। प्रति माह विद्युत बिल 1.41 करोड रुपये व प्रतिवर्ष माफ बिल 17 करोड रुपये है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर किसानों को लाभान्वित कर रहे हैं। भारत सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लोग लाभ लें। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि योजना का प्रचार-प्रसार कर जिले के किसान भाइयों को लाभान्वित करायें।

भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि इस दिन का सूबे के किसान इंतजार कर रहे थे। आंदोलन करने में किसानों को जेल भी जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने ये योजना लागू कर किसानों को लाभान्वित किया है। मोदी सरकार जब से देश में बनी है, देश विश्व की पांचवी शक्ति बन चुका है।

अर्थव्यवस्था में प्रधानमंत्री का इरादा है कि आगामी समय में तीसरी अर्थव्यवस्था की शक्ति बने। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सभी लोग मुख्यमंत्री की इस योजना की सराहना कर रहे हैं। किसान खाद-बीज को परेशान रहता था। बिजली बिल कहां से भरे। इसे ध्यान में रखते हुए भाजपा सरकार ने संकल्प पत्र में घोषणा को विद्युत बिल माफ किया है। मऊ-मानिकपुर विधायक प्रतिनिधि रविप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि किसानों के विद्युत बिल माफ कर मुख्यमंत्री ने किसानों को राहत दी है। इस मौके पर डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भाजपा नेता राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडे, आशीष रघुवंशी, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, आरएस वर्मा, मुकेश कुमार, उपखंड अधिकारी अनिल कुमार समेत संबंधित

## नौ को होगी स्वावलम्बी भारत की बैठक

**चित्रकूट।** स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान कानपुर प्रांत की बैठक नौ मार्च को सवेरे दस बजे से होगी। बैठक में खासतौर से अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख राजीव कुमार व संगठन के क्षेत्रीय संयोजक/समन्वयक अनुपम श्रीवास्तव, प्रांत संयोजक प्रवीण मिश्रा मौजूद रहेंगे। बैठक मे सभी को अग्रिम कार्य योजना बाबत मार्गदर्शन करेंग। गुरुवार को स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के जिला संयोजक राजेश पाण्डेय ने बताया कि बैठक में सभी प्रांतीय परिषद सदस्य व प्रांत तथा जिले के सभी दायित्ववान कार्यकर्ता, संयोजक, सह संयोजक समन्वयक, सह समन्वयक, महिला प्रमुख, महिला सह समन्वयक को समय से बैठक में हाजिर होना आवश्यक है। बैठक रामघाट बड़ा मठ चित्रकूट में होगी। ये जानकारी स्वावलंबी भारत अभियान कानपुर प्रांत समन्वयक प्रदीप मिश्रा व संपर्क प्रमुख राजेश पांडेय ने दी।

## हादसे के दो आरोपियों को हुआ साढे चार हजार का जुर्माना

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार रामकिशोर की पैरवी से न्यायालय ने सड़क हादसे के आरोपी को दो हजार रुपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

गुरुवार को अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते सिविल जज (सीडि) एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने कोतवाली कर्वी में दर्ज हादसे के आरोपी अनिल कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी घुरेटनपुर को दो हजार रूपए के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

इसी क्रम में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार रामकिशोर तथा अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार की प्रभावी बहस के चलते सिविल जज (सीडि) श्रीमती विदुषी मेहा ने कोतवाली कर्वी में दर्ज हादसे के आरोपी नसीर अहमद पुत्र पीर मुहम्मद निवासी द्वारिकापुरी शंकर बाजार को ढाई हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

# केन्द्र-प्रदेश में खिलाडियों को दी है सुविधाः सांसद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** खेल निदेशालय के निर्देश पर जिला स्तरीय चार दिवसीय प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण सांसद आरके सिंह पटेल ने किया।

गुरुवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार की दी जा रही खेल सुविधाओं में पहले कभी खिलाड़ियों को इतनी सुविधायें व पुरस्कार नहीं मिलते थे। जितनी भाजपा सरकार में मिल रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल व खिलाड़ियों को उत्तम सुविधा व व्यवस्थायें खेलो इंडिया के तहत दी हैं, आज तक कभी नहीं मिली। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को लगातार पुरस्कार देकर सम्मानित कर रही है। आगामी समय में जिले के खिलाड़ी भी परदेसी व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर चित्रकूट का नाम रोशन करेंगे। विजयी खिलाड़ियों को सांसद ने पुरस्कार बांटे। जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने



खिलाडियों को पुरस्कार देते सांसद व पंकज।

उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार ने अतिथियों का स्वागत व आभार जताया। खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथि को बैच लगाकर व निर्णयको तथा अधिकारियों-खिलाड़ियों ने माला पहनकर मुख्य अतिथि का स्वागत-अभिनंदन किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सचिन मौजूद रहे। प्रतियोगिता संपन्न कराने में श्याम सुंदर, कृष्णा, फिरोज अंसारी, अंगद सिंह, अख्तर हुसैन, सतीश, कीर्ति रानी, विशाल, ऋषि ने सहयोग दिया।

## गांव-बूथ स्तर पर मतदाताओं को बतायें नामः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने सेक्टर ऑफीसरों से कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को गतिविधियों बाबत मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश में लोकसभा चुनाव को राज्य स्तर पर स्वीप गतिविधियों को मार्च के द्वितीय सप्ताह में 9-10 मार्च को प्रत्येक बूथ- ग्राम पंचायत स्तर वार्ड स्तर पर मतदाता जागरूकता को वरिष्ठ अधिकारी के मतदाता सूची पढ़कर सुनाने के निर्देश मिले है। गुरुवार को जिलाधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना पंजीयन करा लें। अपने विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफीसरों से संपर्क कर बूथों में 9-10 मार्च को प्रत्येक बूथ के ग्राम पंचायत स्तर-वार्ड स्तर पर मतदाताओं की जागरूकता को मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाये।

## पढाई के आगे मंडप से आई छात्रा ने दी परीक्षा

**चित्रकूट।** इन दिनों बालिकाओं में पढने-लिखने की ललक इस कदर है कि बालिकाओं को शादी-विवाह का होश नहीं है। बालिकायें शादी-विवाह से ज्यादा महत्व पढाई को दे रही हैं। ऐसा ही एक वाक्या चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में देखने को मिला। बताया गया कि चित्रकूट इंटर कालेज की छात्रा साधना देवी पुत्री स्व सुरेश निवासी शोभा सिंह पुरवा वार्ड 21 शास्त्रीनगर कर्वी का बुधवार को विवाह था। गुरुवार को हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान की परीक्षा थी। वह शादी के बाद सीधे मंडप से उठकर परीक्षा केंद्र पहुंची। आज सवेरे ही उसकी विदाई होनी थी, उसने परिजनों से कहा कि पहले पढ़ाई जरूरी है। साल भर की पढ़ाई है, अंतिम पेपर है। वह परीक्षा देने जाएगी। वह सीधे सवेरे आठ बजे परीक्षा केन्द्र चित्रकूट इंटर कालेज पहुंची। नई-नवेली दुल्हन को देखकर कॉलेज मुख्य द्वार पर लगे सुरक्षा कर्मी व सचल दल के लोग भौचक रह गये। कुछ देर बाद पता चला कि ये कॉलेज की ही छात्रा है।



# श्रद्धालुओं की सुरक्षा को नोइंट्री-रूट डायर्जन, एसपी ने रुट में किया बदलाव

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने आम जनता से कहा है कि फाल्गुन मास अमावस्या मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर शहर क्षेत्र में नौ मार्च को सवेरे साढे छह बजे से 11 मार्च की रात साढे नौ बजे तक भारी व मध्यम मालवाहनों में आपातकालीन व आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोड़कर शहर में प्रवेश व आवागमन पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेगा।

गुरुवार को एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि भविष्य/सामान्य दिनों में संभावित हादसों से होने वाली जनहानि रोकने व आम जनता को सुगम व सुरक्षित यातायात सुलभ कराने को शहर क्षेत्र में 30 दिवस तक या अग्रिम आदेश तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों आपातकालीन व आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोड़कर शहर में प्रवेश व आवागमन पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेगा।

उन्होंने बताया कि लोढ़वारा मोड राजापुर मार्ग में सवेरे साढे छह से रात साढे नौ तक, पुलिस लाइन तिराहा के पास मानिकपुर रोड में



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह।

सवेरे साढे छह से रात दस बजे तक, रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व प्रयागराज रोड में सवेरे साढे छह बजे से रात दस बजे तक, शेषनपुरवा मोड सोनेपुर सतना मार्ग में सवेरे साढे छह से रात साढे दस बजे तक, बेड़ीपुलिया मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा बांदा मार्ग में सवेरे साढे छह से रात 11 बजे तक, निर्मोही अखाड़ा यूपी-एमपी बार्डर से बेड़ीपुलिया तिराहा तक सवेरे साढे छह से रात 11 बजे तक, निर्मोही अखाड़ा यूपी-एमपी बार्डर से बेड़ीपुलिया तिराहा तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर नया नो इन्ट्री मार्ग घोषित किया है। शहर में वैवाहिक, धार्मिक, राजनैतिक कार्यक्रमों, जुलूस, झांकी, शोभा यात्रा आदि के मद्देनजर भविष्य में नो इन्ट्री के समय में बदलाव करने पर बदलाव की सूचना नो इन्ट्री बैरियर पर दी जायेगी।

प्रयागराज से बांदा-सतना जाने वाले वाहन बोड़ीपोखरी चैराहा से राजापुर होते हुये बांदा जायेगें। बोड़ी पोखरी चैराहा से पुलिस लाइन तिराहा (खोह), सरैंया, मारकुण्डी तिराहा (मानिकपुर) होकर सतना जायेगें। राजापुर से आने वाले बड़े वाहन पहाड़ी से अतर्रा होकर बांदा जायेगें। बांदा से प्रयागराज जाने वाले वाहन अतर्रा से बिसन्डा, पहाडी, राजापुर होकर प्रयागराज जायेगे। सतना से प्रयागराज व कौशाम्बी जाने वाले वाहन बड़ी पाटिन तिराहा से इटवां डुडैला, मारकुण्डी तिराहा (मानिकपुर), पुलिस लाइन तिराहा (खोह), बोड़ी पोखरी चैराहा होकर प्रयागराज जायेगे। बड़ी पाटिन तिराहा से इटवां डुडैला, मारकुण्डी तिराहा (मानिकपुर), पुलिस लाइन तिराहा (खोह), बोड़ी पोखरी चैराहा, राजापुर होकर कौशाम्बी जायेगे।

# विदेश संदेश

## UN की चेतावनीः सूडान संघर्ष के कारण दुनिया पर मंडरा रहा सबसे बड़ी भूखमरी का खतरा

**इटरनेशनल डेस्क.** संयुक्त राष्ट्र (UN) की खाद्य एजेंसी की शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को आगाह किया कि सूडान में करीब एक साल से प्रतिद्वंद्वी सैन्य जनरलों के बीच जारी विनाशकारी संघर्ष के चलते दुनिया का सबसे बड़ा भूख संकट खड़ा होने का खतरा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम की प्रमुख सिंडी मैककेन ने कहा कि सूडान में जारी संघर्ष ने इस उत्तर अफ्रीकी



देश में लाखों लोगों के जीवन को तबाह कर दिया है।पड़ोसी देश दक्षिण सूडान की यात्रा पूरी करने के बाद मैककेन ने कहा, सूडान में जारी युद्ध के चलते दुनिया का सबसे बड़ा भूख संकट खड़ा होने का खतरा है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने कहा है कि पूरे सूडान में लगभग एक करोड़ 80 लाख लोग गंभीर भूख का सामना कर रहे हैं। एजेंसी ने कहा कि इनमें से 50 लाख लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं।

पिछले साल अप्रैल के मध्य में राजधानी खार्तूम में जनरल अब्देल फतह बुरहान के नेतृत्व वाली देश की सेना और जनरल मोहम्मद हमदान डागालो की अगुवाई वाले 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज नामक अर्धसैनिक समूह के बीच संघर्ष शुरू होने के चलते सूडान में अराजकता फैल गई थी। संघर्ष तेजी से पूरे देश खासकर शहरी इलाकों और अशांत पश्चिमी दारफुर क्षेत्र में भी फैल गया। पिछले साल अर्धसैनिक बलों और सहयोगी अरब मिलिशिया द्वारा दारफुर कस्बे में की गई हिंसा में हजारों लोग मारे गए।

## टोक्यो में जयशंकर ने कहा- वैश्वीकरण की ओर बढ़ रही दुनिया में भारत-जापान महत्वपूर्ण साझेदार

**टोक्यो.** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और जापान ''पुन वैश्वीकरण की ओर बढ़ रहे विश्व में स्वाभाविक साझीदार हैं और लोकतंत्र एवं बाजार (मांग एवं आपूर्ति) आधारित अर्थव्यवस्था होने के नाते दोनों देश के बीच कई बुनियादी समानताएं हैं। जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण के तहत इस समय टोक्यो में है। मंत्री ने यहां पहले 'रायसीना गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''लचीली एवं विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं और



भरोसेमंद एवं पारदर्शी डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था के साथ दुनिया पुन वैश्वीकरण की ओर बढ़ रही है।उन्होंने कहा, ''आज शीर्ष 20 या 30 देश वैसे नहीं हैं, जैसे वे दो दशक पहले थे।... उन्होंने कहा, ''न केवल हमें प्रभावित करने वाले देश अलग हैं, बल्कि उनका सापेक्ष प्रभाव, महत्व और क्षमता भी अलग हैं। परिणामस्वरूप, नया संतुलन तलाशा जा रहा है और कभी-कभी इसे हासिल भी किया जाता है। जयशंकर ने जोर देकर कहा कि भारत और जापान दुनिया के पुन वैश्वीकरण में स्वाभाविक भागीदार हैं और लोकतंत्र तथा बाजार आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में उनके बीच बुनियादी समानताएं भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए भारत और जापान की प्रतिबद्धता को क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) हर साल आगे बढ़ा रहा है।

## पाकिस्तानः PKMAP प्रमुख के आवास पर छापेमारी खिलाफ क्वेटा में शटडाउन हड़ताल

**पाकिस्तान में पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (PKMAP) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई के आवास पर की गई छापेमारी के विरोध में मंगलवार को...**

**पेशावर.** पाकिस्तान में पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (PKMAP) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई के आवास पर की गई छापेमारी के विरोध में मंगलवार को पाकिस्तान के क्वेटा शहर में शटडाउन हड़ताल की गई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, क्वेटा में व्यापारिक समुदाय ने पीकेएमएपी नेताओं द्वारा दिए गए हड़ताल के आह्वान का समर्थन किया। क्वेटा में पूरे दिन व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। मिशन, जरघून रोड, मस्जिद रोड, फातिमा जिन्ना रोड, प्राइस रोड, लियाकत बाजार, तोगी रोड और क्वेटा के अन्य मुख्य व्यापारिक जिलों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सभी दुकानें, बाजार, शॉपिंग प्लाजा और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।निजी बैंक भी बंद रहे, जिसके परिणामस्वरूप बैंकिंग सेवाएं निलंबित रहीं और लोगों को असुविधा हुई। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक अधिकारियों ने बैंक बंद होने के पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया और कहा कि स्टाफ बैंकों के अंदर मौजूद था। क्वेटा में सुबह शुरुआत में कुछ दुकानें खुलीं। हालाँकि, बाद में मालिकों ने दुकानें बंद कर दीं क्योंकि (PKMAP) कार्यकर्ता और समर्थक शहर के मुख्य क्षेत्रों में गश्त कर रहे थे। यहां तक कि क्वेटा के बाहरी इलाके की दुकानें भी बंद रहीं। स्थानीय प्रशासन ने पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की।

हालाँकि, क्वेटा में शटर-डाउन हड़ताल के दौरान कोई घटना सामने नहीं आई है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, (PKMAP)ने सोमवार को क्वेटा में अपने अध्यक्ष महमूद खान अचकजई के आवास पर छापे के



खिलाफ एक रैली आयोजित की।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) ने अचकजई को अपना राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है और छापे की निंदा की है। क्वेटा जिला प्रशासन ने कहा है कि छापेमारी के दौरान, उसने अचकजई द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी स्वामित्व वाली भूमि का एक टुकड़ा बरामद किया है। हालांकि, (PKMAP) ने प्रशासन के इन आरोपों का खंडन किया कि अचकजई ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक पार्टी के झंडे, तख्तियां और बैनर लेकर शामिल हुए। (PKMAP) के केंद्रीय नेताओं हामिद खान अचकजई, लाला रऊफ और अब्दुल कहार वदान ने अचकजई पर की गई छापेमारी के खिलाफ रैली का नेतृत्व किया।रैली में भाग लेने वाले बाचा खान चौक पर एकत्र हुए, जहां (PKMAP) ने भीड़ को संबोधित किया। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने अचकजई के आवास पर छापे की निंदा की और कहा कि उन्हें पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में उनके भाषण के लिए निशाना बनाया गया था। रैली में भाग लेने वालों ने आगे कहा कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में अचकजई अपने आवास पर छापे के बजाय राष्ट्रपति प्रोटोकॉल के हकदार हैं। (PKMAP)ने कहा कि जमीन कानूनी तौर पर आवंटित की गई थी और उसके पास पूरे दस्तावेज हैं.

पीकेएमएपी नेताओं ने कहा कि जिला प्रशासन खून बहानाचाहता है।हालाँकि, पार्टी द्वारा दिखाए गए संयम ने प्रशासन की योजना को विफल कर दिया। सोमवार को संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए पीटीआई नेता अली मुहम्मद खान ने अचकजई के घर पर छापेमारी की निंदा की। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि पीटीआई राजनीति में प्रतिष्ठान की भूमिका को खत्म करने के लिए अपने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में अस्चकजई का समर्थन कर रही है। अली मुहम्मद खान ने कहा, देश और पीटीआई सशस्त्र बलों के साथ खड़े हैं, लेकिन हमारा रुख है कि देश को संविधान के अनुसार चलाया जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि अचकजई का भी यही रुख है।

## अवैध रूप से ब्रिटेन जाने वाले भारतीयों की संख्या में 60 फीसदी का इजाफा

**नेशनल डेस्क.** ब्रिटेन में अवैध रूप से प्रवेश करने के मामले में भारतीयों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। पिछले साल इंग्लिश चैनल पार करके 2022 के मुकाबले 60 फीसदी अधिक भारतीय ब्रिटेन में अवैध तरीके से घुसे हैं। राष्टीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि 2023 में 1,192 भारतीय छोटी नावों पर अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचे थे, जबकि 2022 में इनकी संख्या 748 ही थी।




**18 से 40 वर्ष की आयु के लोग ज्यादा**

ऐसा कहा जाता है कि तस्कर ब्रिटेन में शरण का दावा करके लोगों को अवैध रूप से छोटी और अक्सर असुरक्षित नावों पर ले जाते हैं और हजारों पाउंड चार्ज करते हैं।

इस तरह की यात्राओं के परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में कई मौतें हुई हैं लेकिन इन यात्राओं को करने वाले प्रवासियों की संख्या में कई गुना वृद्धि जारी है। भारत से 2023 में 18 से 40 वर्ष की आयु के बीच के अधिकांश पुरुषों ने ब्रिटेन में अवैध रूप से एंट्री ली है।

**अफगानिस्तान, ईरान, तुर्की टॉप पर**

रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन में बड़े पैमाने अफगानिस्तान, ईरान, तुर्की, इरिट्रिया, इराक, सीरिया, सूडान और वियतनाम के नागरिकों ने छोटी नावों के जरिए ब्रिटेन में घुसपैठ की है।

2023 में पाकिस्तान से बहुत कम आगमन हुआ है और उनकी संख्या केवल 103 थी।

## सनकी किंग का अपनी सेना को आदेश-अमेरिका एवं द.कोरिया के खिलाफ युद्ध की तैयारी करो तेज

**सियोल.** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के खिलाफ युद्धक क्षमताओं को मजबूत करने का आह्वान किया है। सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त अभ्यास के जवाब में कार्रवाई की धमकी दी थी। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने बुधवार को एक पश्चिमी अभियान प्रशिक्षण सैन्य अड्डे के दौरे पर कहा कि सेना को ''युद्ध संबंधी तैयारियों के लिए अपनी युद्धक क्षमताओं में तेजी से सुधार लाने के उद्देश्य से वास्तविक युद्ध अभ्यास को लगातार तेज करना चाहिए।केसीएनए के अनुसार, किम ने कहा कि ''दुश्मनों के लगातार खतरे को भारी ताकत से नियंत्रित करने के लिए अत्यधिक तत्परता की आवश्यकता है। उसने बताया कि किम ने सैन्य इकाइयों के युद्धाभ्यास का मार्गदर्शन किया, लेकिन उसने इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। किम के इस बयान से दो दिन पहले, उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास को उसके खिलाफ हमले की साजिश बताते हुए मंगलवार को कहा था कि वह जवाबी कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा।दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं ने 'फ्रीडम शील्ड नामक एक 'कंप्यूटर-सिम्युलेटेड (ऐसी मशीन जो प्रशिक्षण या अनुसंधान के उद्देश्य.

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की रेस से बाहर हुईं निक्की हेली, ट्रंप तीसरी बार होंगे रिपब्लिकन उम्मीदवार; बाइडेन से फिर मुकाबला

**वाशिंगटन.** अमेरिका में भारतीय मूल की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्टपति पद की उम्मीदवारी के लिए अपना प्रचार अभियान बुधवार को रोक दिया। उन्होंने यह निर्णय 'सुपर ट्यूजडे को 15 राज्यों की पार्टी प्राइमरी में हार के बाद लिया है। हेली के इस फैसले के साथ ही पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्टपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में एकमात्र प्रमुख उम्मीदवार रह जाएंगे। इस तरह नवंबर में होने वाले चुनाव में ट्रंप के सामने मौजूदा राष्टपति जो बाइडेन होंगे।

सुपर ट्यूजडे की प्राइमरी के बाद ट्रंप (77) ने अपने एकमात्र रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी हेली (52) पर मजबूत बढ़त बना ली जिन्होंने वर्मोंट प्रांत में जीत हासिल करके उन्हें पूर्ण बहुमत से वंचित कर दिया था। साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर हेली ने बुधवार को कहा, ''अब मेरा प्रचार अभियान रोकने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा, ''मैं चाहती हूं कि अमेरिकियों की आवाज सुनी जाए। मैंने वही किया है। मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैं अब उम्मीदवार नहीं रहूंगी, लेकिन मैं उन चीजों के लिए अपनी आवाज का इस्तेमाल करना बंद नहीं करूंगी जिनमें मैं विश्वास करती हूं।संयुक्त राष्ट में अमेरिका की पूर्व राजदूत हेली तब ट्रंप की पहली मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरी जब फरवरी 2023 में उन्होंने राष्टपति पद के चुनावी दौड़ में शामिल होने की घोषणा की। हेली ने इस बारे में अंतिम निर्णय नहीं लिया है कि वह ट्रंप का समर्थन करेंगी या नहीं। हेली के करीबी लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि ट्रंप का समर्थन करना उनके लिए अच्छा होगा क्योंकि उन्हें एक टीम के रूप में देखा जाएगा। अन्य लोग उसका समर्थन करने का तीव्र विरोध करते हैं। अपने अभियान के दौरान, हेली ने रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल प्राइमरी जीतने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रचा।

## युद्ध से जूझ रहे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जनता से किए 130 अरब डॉलर के चुनावी वादे

**नेशनल डेस्क.** युद्ध से जूझ रहे रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने राष्टपति चुनाव से पहले कई बड़े वादे किए हैं। इन वादों को पूरा करने के लिए 130 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च होने का अनुमान है। बताया जा रहा है कि इन्हें अगले छ्ह वर्षों के अंदर पूरी नहीं किया गया तो इनकी लागत कई गुना बढ़ जाएगी। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने रूसी संसद में अपने वार्षिक संबोधन के दौरान जिन राष्टीय परियोजनाओं का जिक्र किया उनमें लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ लोगों के कर्जों को बड़े पैमाने पर माफ करना भी शामिल है। पुतिन को विश्वास है कि रूसी लोग इन लोकलुभावन वादों को सुनकर उनके लिए पहले से ज्यादा समर्थन देंगे।

**जानकारों ने जताया आर्थिक मंदी का अंदेशा**

रूस की अर्थव्यवस्था के जानकारों का कहना है कि क्रेमलिन के खजाने पर अगर 130 अरब डॉलर का भार बढ़ता है तो इससे आर्थिक मंदी आ सकती है। रूस को इस समय यूक्रेन से चल रहे युद्ध का खर्चा भी उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा रूस पर पश्चिमी देशों ने कई प्रतिबंध भी लगा रखे हैं। ऐसे में उसके पास आय के सीमित संसाधन हैं। जानकारों का यह भी कहना है कि सिर्फ चंद एशियाई देशों को बेचे जा रहे तेल और गैस के भरोसे पुतिन के लिए अपने वादों को पूरा करना आसान नहीं होगा। रूस प्रतिबंधों के कारण कोई बड़ी डिफेंस डील भी नहीं कर सकता है। खाद्यान्न निर्यात को लेकर भी रूस कई परेशानियों का सामना कर रहा है।

पुतिन के प्रस्तावों में जन्म दर और जीवन प्रत्याशा बढ़ाने के लिए सरकारी समर्थन का विस्तार करना, बुनियादी ढांचे में सुधार, प्रौद्योगिकी के विकास को बढ़ावा देना और गैर-तेल निर्यात को बढ़ाना शामिल है।

## अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाज पर हूती ने दागी मिसाइल, तीन नाविक मारे गए

**साना।** अदन की खाड़ी में बुधवार को एक व्यापारिक जहाज पर हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में तीन नाविक मारे गए।




इस हमले में चार अन्य घायल भी हुए हैं। गाजा पर इजराइल के आक्रमण के बाद से यह पहली बार है जब दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक को हूती विद्रोहियों ने निशाना बनाया। हूती ने हमले की जिम्मेदारी ली है। अमेरिकी सेना की केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने 'एक्स' पर लिखा, "हूती आतंकवादियों ने बुधवार को करीब साढ़े 11 बजे (स्थानीय समयानुसार) एक एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल (एएसबीएम) बारबाडोस के झंडे और लाइबेरिया के स्वामित्व वाले जहाज की ओर दागी गई। मिसाइल जहाज पर गिरी। इससे बहुराष्ट्रीय चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। कम से चार लोग घायल हो गए। इनमें तीन की स्थिति गंभीर है। जहाज को क्षति पहुंची है।" सेंटकॉम ने कहा है कि चालक दल ने जहाज को छोड़ दिया और सहयोगी युद्धपोत (हूती विद्रोहियों को) जवाब दे रहे हैं। स्थिति का आकलन किया जा रहा है। पिछले दो दिन में हूतियों द्वारा दागी गई यह दूसरी एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल है। इस बीच, ब्रिटेन के

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## पाकिस्तान पंजाब के पहले सिख मंत्री बने रमेश सिंह अरोड़ा, बादल परिवार से है खास कनैक्शन

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की नई सरकार का गठन में बदलाव के बीच यहां की पंजाब सरकार में पहली बार नया कदम उठाया गया है। पाकिस्तान में पहली बार किसी सिख समुदाय के व्यक्ति को मंत्री बनाया गया है । सिखों को पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय में गिना जाता है। नारोवाल से विधायक रमेश सिंह अरोड़ा ने बुधवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मंत्री पद की शपथ ली है। पंजाब की प्रांतीय असेंबली से 3 बार के सदस्य रह चुके हैं। रमेश सिंह अरोड़ा ने पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी और मुख्यमंत्री मरियम नवाफ शरीफ के नेतृत्व वाली हाल ही में निर्वाचित पाकिस्तान मुस्लिम (PML-N) लीग सरकार के मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में शपथ ली। यह कार्यक्रम लाहौर के गवर्नर हाउस में आयोजित किया गया था।बता दें कि मरियम के चाचा शहबाज शरीफ ने हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। रमेश अरोड़ा ने राजनीति में आने को लेकर भी बताया। उन्होंने कहा कि वह क्करू ह के वरिष्ठ नेता अहसान इकबाल चौधरी के मार्गदर्शन की वजह से राजनीति में आए। चौधरी ने कहा था कि पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में एक सिख अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति की जरूरत है। अरोड़ा ने आगे बताया कि आखिरी बार दिसंबर 2014 में पूर्व सीएम प्रकाश सिंह



बादल के निमंत्रण पर ह्क्ष्ह्ढ सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। अरोड़ा ने कहा कि उनके सुखबीर बादल और पंजाब के पूर्व स्पीकर चरणजीत सिंह अटवाल के साथ अच्छे संबंध हैं। उन्होंने उनको भारत में बुलाया और उन्हें व उनके परिवार को बहुत सम्मान दिया।ंजाब के मंत्री रमेश अरोड़ा को अल्पसंख्यक मामलों का विभाग मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, खासकर पंजाब में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए उनके पास पहले से ही कई योजनाएं हैं। यहां सिख विवाह अधिनियम पारित किया गया था, लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है जिसे वे पूरा करेंगे। अरोड़ा ने कहा कि वह यह भी सुनिश्चित करेंगे कि पाकिस्तान के कॉलेज व स्कूलों में अल्पसंख्यक छात्रों के लिए 2 प्रतिशत कोटा लागू किया जाए। रमेश अरोड़ा ने कहा कि विभाजन के बाद पहली बार एक सिख समुदाय के व्यक्ति को पंजाब प्रांत के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ सिखों की ही नहीं बल्कि पाकिस्तान में रहने वाले हिंदुओं और ईसाइयों सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भलाई के लिए काम करूंगा। अरोड़ा को हाल ही में पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रमुख के रूप में चुना गया था। उन्होंने कहा कि वह एक नई अंतरधार्मिक सद्भाव नीति भी लाएंगे ताकि सिख, हिंदू, ईसाई और अन्य समेत सभी अल्पसंख्यक सुरक्षित महसूस करें।

**जानें कौन हैं रमेश सिंह अरोड़ा ?**

अरोड़ा ने गवर्नमेंट कॉलेज यूनिवर्सिटी, लाहौर से एंटरप्रन्योरशीप और स्स्ष्ठ मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है।राजनीति में कदम रखने से पहले उन्होंने पाकिस्तान में विश्व बैंक के गरीबी निवारण कार्यक्रम के लिए काम किया है।साल 2008 में उन्होंने मोजाज फाउंडेशन की स्थापना की थी। यह पाकिस्तान में वंचित लोगों के लिए काम करता है।पाकिस्तान में हाल ही में हुए चुनावों में अरोड़ा को नरोवाल से एमपीए के रूप में फिर से चुना गया। इसी इलाके में गुरु नानक का विश्राम स्थल गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब भी मौजूद है।अरोड़ा को पिछले साल करतारपुर कॉरिडोर के लिए राजदूत के रूप में भी नियुक्त किया गया था।अरोड़ा के बड़े भाई गोबिंद सिंह करतारपुर गुरुद्वारे में मुख्य ग्रंथी के रूप में काम करते हैं।